व्यक्ति को खुद से बेहतर
कोई नहीं जान सकता,
इसलिए स्वयं का आकलन
करना बेहद ज़रूरी है।

- गीता उपदेश

# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 190/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 07 फरवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

## पेरिस में एआई समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे मोदी, मार्सिले में नए दूतावास का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी के तीसरे सप्ताह में फ्रांस का दौरा करेंगे। जहां वे पेरिस में एआई समिट 2025 की सह-अध्यक्षता करेंगे। जानकारी के मुताबिक, इस कार्यक्रम में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और चीनी उपप्रधानमंत्री कई अन्य लोग शिरकत करेंगे।

## इनकम टैक्स के बाद अब सस्ते लोन का तोहफा, आरबीआई ने 5 साल बाद घटाया रेपो रेट



**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स में मिडिल क्लास को राहत के बाद अब मिडिल क्लास को सस्ते लोन का तोहफा मिला है। आरबीआई के गवर्नर ने संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि छह सदस्यीय समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। इसके साथ, एमपीसी ने अपने रुख को तटस्थ बनाये रखने का निर्णय किया है। एमपीसी लगभग पांच साल के बाद रेपो रेट में 0.25 फीसद की कटौती की है। कटौती फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है। बता दें रेपो रेट पिछले दो साल से 6.50 फीसद पर स्थिर था। आरबीआई ने पिछली बार मई, 2020 में कोरोना महामारी के समय रेपो रेट को 0.40 फीसद घटाकर चार फीसद किया था। फिर रूस-यूक्रेन युद्ध के जोखिमों से निपटने के लिए आरबीआई ने मई, 2022 में दरों में बढ़ोतरी करनी शुरू की थी और यह सिलसिला फरवरी, 2023 में जाकर रुका था।

### GDP ग्रोथ 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान

आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जबकि चालू वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत पर रहने के अनुमान को बरकरार रखा है। वहीं खुदरा मुद्रास्फीति अगले वित्त वर्ष में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि चालू वित्त वर्ष में इसके 4.8 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गई है। महंगाई के बारे में आरबीआई गवर्नर संजय मलहोत्रा ने कहा, ÷ नई फसल की आवक के साथ खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आएगी। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत, पर वैश्विक चुनौतियों से अछूती नहीं है।

### आरबीआई की मौद्रिक नीति की मुख्य बातें

- रेपो रेट (कम समय के लिए लिया गया उधार दर) 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत की गई। पांच साल के अंतराल के बाद पहली बार रेपो दर में कटौती की गई।
- पिछली कटौती मई, 2020 में हुई थी। तटस्थ मौद्रिक नीति रुख जारी रहेगा।
- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी ग्रोथ 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान।
- वित्त वर्ष 2025-26 में मुद्रास्फीति घटकर 4.2 प्रतिशत पर आने का अनुमान। चालू वर्ष में इसके 4.8 प्रतिशत रहने की संभावना।
- खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद। मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि की उम्मीद, लेकिन यह मध्यम रहेगी।

### सांध्यप्रकाश विशेष

## भारत मिशन चंद्रयान-4 लॉन्च के लिए तैयार, 2027 में चंद्रमा से सैंपल लाने की तैयारी...

**नई दिल्ली।** भारत चंद्रयान 4 को लॉन्च करने लिए पूरी तरह से तैयार है। इसरो ने चंद्रयान-4 के लॉन्च की योजना 2027 में बनाई है, जो चंद्रमा से चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लाने का महत्वपूर्ण मिशन होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस मिशन के बारे में जानकारी दी, जिसमें एलवीएम-3 रॉकेट का उपयोग किया जाएगा। इस रॉकेट से पांच अलग-अलग घटक पृथ्वी की कक्षा में भेजे जाएंगे, जिन्हें बाद में इकट्ठा किया जाएगा।




मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि चंद्रयान-4 का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से नमूने लेकर पृथ्वी पर लाना है। इसके अलावा, गगनयान मिशन अगले साल लॉन्च होगा, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजे जाएंगे और फिर सुरक्षित रूप से लौटेंगे।

भारत 2026 में समुद्रयान मिशन भी लॉन्च करेगा, जिसमें तीन वैज्ञानिक पनडुब्बी के जरिए छह हजार मीटर गहराई में जाकर समुद्र तल की खोज करेंगे। यह मिशन खनिजों, दुर्लभ धातुओं और समुद्री जैव विविधताओं की जानकारी इकट्ठा करने में मदद करेगा। इसी साल गगनयान मिशन का मानव रहित संस्करण भी लॉन्च होगा, जिसमें ÷व्योम मित्र÷ नामक रोबोट शामिल होगा।

भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है। इसरो की स्थापना 1969 में हुई, लेकिन पहला लॉन्च पैड स्थापित करने में दो दशकों का समय लगा। अब, भारी रॉकेटों के लिए तीसरा प्रक्षेपण स्थल और छोटे उपग्रहों के लिए नए प्रक्षेपण स्थल बनाए जा रहे हैं।

भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का वर्तमान मूल्य 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो अगले दशक में 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है, जिससे भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभर सकता है।

## चर्चित बैडमिंटन स्टार असम पहुंची, मुख्यमंत्री से की मुलाकात



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु से लोक सेवा भवन में मुलाकात की। सिंधु अपने पति के साथ मुख्यमंत्री से मिलने आई थीं। मुख्यमंत्री ने दोनों को बधाई दी और सिंधु की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने सिंधु को भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं. ये जानकारी असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने दी.

## ट्रम्प का एक और विवादित फैसला, लगाया ICC पर प्रतिबंध

ट्रंप ने इजराइल जांच पर इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट पर प्रतिबंध लगाए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) पर इजराइल की जांच को लेकर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है.

**नेतन्याहू के लिए गिरफ्तारी वारंट-** यह कार्रवाई आईसीसी द्वारा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के बाद की गई है. आईसीसी ने नेतन्याहू पर गाजा में युद्ध अपराधों का आरोप लगाया है.



ट्रंप के आदेश में कहा गया है कि आईसीसी अमेरिका और उसके करीबी सहयोगी इजराइल को निशाना बनाने वाली अवैध और निराधार कार्रवाइयों÷ में लगा हुआ है. अमेरिका आईसीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ अदालत की जांच में मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ संपत्ति जब्त करने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है. ज्ञात हो की न तो अमेरिका और न ही इजराइल आईसीसी के सदस्य हैं, और दोनों देश इसकी अधिकारिता को मान्यता नहीं देते.

## 2011 बैच के IAS अधिकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय में निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 2011 बैच के IAS अधिकारीकुमार सौरभ राज,जो वर्तमान में नागरिक उड्डयन मंत्रालय में उप सचिव के रूप में कार्यरत हैं, को अब निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।




कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी ने राज के पद को निदेशक स्तर पर फिर से नियुक्त करने के प्रस्ताव को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी रूप से और 24 जनवरी, 2028 तक की अवधि के लिए यानी केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत पांच साल के कुल कार्यकाल के लिए मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि कुमार सौरभ राज का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल 25 जनवरी, 2023 से माना जाएगा।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आईपीएस मीट में पुलिस अधिकारियों का ग्रुप फोटो।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया आईपीएस सर्विस मीट का शुभारंभ, कहा-

## पुलिस के लोग बहुत काम करते हैं, इसलिए मैं पुलिस से प्रेम करता हूं



**भोपाल, सांध्यप्रकाश संवाददाता।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दो दिनी आईपीएस सर्विस मीट का शुभारंभ किया। इस सर्विस मीट के दौरान एक्सपर्ट्स के प्रजेंटेशन के साथ मॉडर्न टेक्नलॉजी से क्राइम कंट्रोल करने पर दो पुलिस अधीक्षकों और एक सब इंस्पेक्ट के प्रजेंटेशन होंगे। इसके बाद शुक्रवार और शनिवार को दिन भर व देर रात तक स्पोर्ट्स और कल्चरल प्रोग्राम के जरिए पुलिस अधिकारी कानूनी दाव पेंच से दूर रहकर परिवार के साथ एंजॉय करेंगे।

**सीएम बोले- जब सभी सीमाएं बंद हो जाती हैं तो लोग पुलिस के पास भागते हैं-** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि संगठन बनाना और उसे चलाना दोनों ही बहुत ही कठिन काम हैं। यह मीट कार्यशाला की तरह है। यहां हम अपने पुलिस परिवार के साथ मिलते हैं। प्रशिक्षण का काम भी चलता है।



आपकी प्रशिक्षण की पद्धति भी बहुत अच्छी है। मुख्यमंत्री ने आईपीएस अफसर से पूछा कि मीट को हिंदी में लिखना हो तो क्या लिखेंगे? जवाब मिला मीट में दिल मिलता है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग यह कहते हैं कि मेरा पुलिस वालों से ज्यादा प्रेम है और यह सही भी है। पुलिस के लोग बहुत काम करते हैं। इसलिए मैं पुलिस से प्रेम करता हूं। पुलिस को तुरंत एक्शन लेना होता है। तुलनात्मक रूप से पुलिस को ज्यादा काम करना पड़ता है। इसीलिए समाज में पुलिस पर अलग प्रकार का भरोसा है। जब सभी सीमाएं बंद हो जाती हैं तो लोग पुलिस के पास भागते हैं।

आजकल कितने प्रकार की बातें होने लगी हैं। पुलिस के लेकर भी संकट की स्थिति बनने लगी है। लेकिन पुलिस को हर स्थिति में हालात को संभालना होता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आपस में भले ही झगड़ा हो लेकिन बाहर के लोगों को झगड़े का एहसास नहीं होना चाहिए यही हमारे संस्कार का भाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई जातियों को हमने क्रिमिनल जाति घोषित कर दिया है। ऐसा करने के पीछे बड़ा योगदान उनका है जिन्होंने हमें गुलाम बनाकर ऐसी स्थिति में छोड़ा है। वास्तव में ऐसी जाति के लोग भी बहुत ही कर्मठ होते हैं।

### अच्छा परफॉर्म करने वाले अफसर होंगे सम्मानित

मध्य प्रदेश पुलिस पर पूरे देश को गर्व है। पुलिस की शुरुआत मनोविज्ञान और मन स्थिति से होती है। इस मौके पर डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा, इस आयोजन के लिए आयोजकों को भी बधाई देता हूं। उन्होंने कहा देर रात को हुई वारदातों के मामलों में जब भी तेज कार्रवाई होती है, तो वह यह कोशिश करते हैं कि अच्छा परफॉर्म करने वाले अफसर को सम्मानित किया जाए। पहले दिन एमपी पुलिस के मॉडल इन्वेस्टिगेशन और मॉडल पुलिस वर्किंग का प्रजेंटेशन होगा। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में रतलाम एसपी अमित कुमार और रेल एसपी राहुल लोढा प्रजेंटेशन देंगे। इसमें मॉडर्न टेक्नोलॉजी के जरिए क्राइम कंट्रोल कैसे किया जाए, इसको लेकर पुलिस अफसरों को ट्रेनिंग देने का प्रोग्राम है। इस सर्विस मीट में डीजीपी कैलाश मकवाना समेत सभी आईपीएस अफसर परिवार जनों के साथ शामिल होंगे।

### 20 दिन में तीसरी घटना

## महाकुंभ में फिर आग लगी, कई पंडाल जले

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला क्षेत्र में शुक्रवार को फिर आग लग गई। इसमें कई पंडाल जल गए। आग इतनी तेज थी कि जब तक दमकल पहुंची तब तक पूरा पंडाल जल गया। हादसा सेक्टर-18 स्थित शंकराचार्य मार्ग पर हुआ। यहां संत हरिहरानंद का पंडाल बना है। सुबह करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद सिलेंडर फटने जैसे धमाके हुए। मौके पर पहुंचे फायर फाइटर्स ने



मोर्चा संभाला। अनाउंस करके भीड़ को हटाया। चारों तरफ बैरिकेडिंग की। करीब 40 मिनट में आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की वजह अभी तक क्लियर नहीं है। महाकुंभ में 20 दिन में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले, सेक्टर-22 और सेक्टर 19 में आग लग चुकी है।

### हम लोगों ने भागकर जान बचाई- प्रत्यक्षदर्शी

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- आग लगने के बाद अफरातफरी मच गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। धुएं के गुबार उठने लगे। यह देखकर हम लोग डर गए। हम लोगों ने भागकर जान बचाई। कई पंडाल जल कर राख हो गए हैं।





केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल की लगुन आई। कुणाल का शुभ विवाह श्रीमती स्वाति - श्री संदीप जैन जी की सुपुत्री रिद्धि के साथ संपन्न होने जा रहा है। श्रीमती साधना सिंह परिवार की बहनों, बहुओं और बेटियों के साथ खनमुट्टी लेने गईं। इस माटी से माय बनेगी और माय की पूजा होगी। आज भगवान श्री सत्यनारायण की कथा भी संपन्न हुई।

## इंदौर के करीब मानपुर में बड़ा हादसा, ट्रैवलर, टैंकर और बाइक की टक्कर में चार लोगों की मौत

**महू।** महू तहसील के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार-शुक्रवार मध्यरात्रि को भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें यात्रियों से भरी हुई टैंपों ट्रैवलर एक टैंकर में जा घुसी। हादसे में ट्रैवलर की पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की चपेट में एक बाइक भी आ गई जिस पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं कुल 4 लोगों की मौत हुई है।

घटना में 11 लोग घायल हैं, जिसमें महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल भेजा। ट्रैवलर में सभी यात्री कर्नाटक के रहने वाले थे। सभी तीर्थ यात्री महाकाल दर्शन कर महाराष्ट्र की ओर जा रहे थे। इस दौरान यह घटना हुई।

## मप्र-राजस्थान में 36 किमी. रफ्तार से हवा चली, ठंड बढ़ी

### तमिलनाडु के ऊटी में पारा 0 डिग्री , हिमाचल में बर्फबारी, 3 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**ह्यजम्मू/भोपाल/दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और झारखंड में एक बार फिर ठंड बढ़ गई है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते हिमालय के ऊंचे इलाकों में बारिश और बर्फबारी हो रही है। इससे मध्य भारत में बर्फीली हवाएं चल रही हैं। MP, UP, बिहार, राजस्थान में पारा 2 से 5डिग्री तक घट गया है।

हिमाचल प्रदेश में 5 दिन तक बारिश, बर्फबारी और कोहरे का अलर्ट है। 3 जिले कोल्डवेव की चपेट में रह सकते हैं। वहीं, असम में बने साइक्लोनिक सर्कुलेश से अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और



असम में बारिश हो सकती है।

तमिलनाडु में दो जगहों उधगमंडलम (ऊटी) और सैंडीनल्लाह में गुरुवार को तापमान 0ए सेल्सियस पर पहुंच गया। ऊटी में जनवरी की शुरुआत में पारा माइनस 2 डिग्री तक गिर गया था।

उधगमंडलम और कंथल, थलाईकुंठा समेत आसपास के कई इलाकों में पाला पड़ा है। कंटेनरों में रखा पानी जम गया, जबकि खुले में खड़ी कारों पर बर्फ जम गई। लोग अपने चार पहिया वाहनों की विंडशील्ड से बर्फ हटाते नजर आए।

# सांस्कृतिक मंत्री लोधी ने भारत भवन में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के भारत रंग महोत्सव का किया शुभारंभ



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) ने 5 फरवरी 2025 को शाम 6 बजे भारत भवन, भोपाल में अपने प्रमुख भारत रंग महोत्सव (बीआरएम), भारत का अंतर्राष्टीय नाट्य महोत्सव का उद्घाटन किया। भरंगम के नाम से प्रिय यह महोत्सव दुनिया का सबसे बड़ा रंगमंच महोत्सव है, जिसने 2024 में 25 वर्षों की सफल यात्रा पूरी की। इस अग्रणी पहल के माध्यम से, एनएसडी ने महोत्सव की पहुंच को बढ़ाया है, और अंतर्राष्टीय जुड़ाव को बढ़ाते हुए पिछले वर्ष के विषय वसुधैव कुटुम्बकम्, वन्दे भरंगम पर निर्माण किया है। उद्घाटन समारोह में मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में श्री शिव शेखर शुक्ला - प्रधान सचिव, ट्रस्टी सचिव, भारत भवन और सचिव, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, संस्कृति निदेशालय, भोपाल, मध्य प्रदेश भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिनेत्री, निर्माता, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की बोर्ड सदस्य और एनएसडी सोसाइटी की सदस्य श्रीमती वाणी त्रिपाठी टिक्को ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्री अवतार सहानी - एनएसडी सोसाइटी सदस्य भी उपस्थित थे। स्वागत भाषण श्री रामजी बाली, एनएसडी के फैकल्टी सदस्य ने दिया, और धन्यवाद ज्ञापन श्री टीकम जोशी, निदेशक, मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल ने प्रस्तुत किया। एक अभिव्यक्ति, सर्वोत्तम सृजन। यह नारा भारत रंग महोत्सव 2025 के लिए रचनात्मक अभिव्यक्ति में एकता और सभी की एकता की भावना को प्रकट करता है। प्रसिद्ध अभिनेता और एनएसडी के पूर्व छात्र राजपाल यादव को इस वर्ष का रंग दूत (महोत्सव के राजदूत) नियुक्त किया गया है। संस्कृति निदेशालय, भोपाल, मध्य प्रदेश और भारत भवन के सहयोग से यह महोत्सव 9 फरवरी 2025 तक जारी रहेगा।

# बावड़िया चौराहे से आशिमा मॉल तक आरओबी का निर्माण जल्द शुरू होगा

**मंत्री कृष्णा गौर ने निर्माण कार्यों से जुड अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

बावड़िया चौराहे से आशिमा मॉल तक नया आरओबी (रेलवे ओव्हर ब्रिज) का निर्माण जल्द शुरू होगा। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने आज निवास कार्यालय पर आरओबी निर्माण से जुड़े विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आरओबी निर्माण के लिये भू-अर्जन की कार्यवाही तुरंत शुरू की जाये। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने इस आरओबी निर्माण से नर्मदापुरम रोड पर यातायात बेहतर होगा। इस क्षेत्र से गुजरने वाले यात्रियों को सुगमता होगी। उन्होंने कहा कि भोपाल विकास प्राधिकरण, नगर निगम, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग और लोक निर्माण विभाग सहित निर्माण कार्यों से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर आरओबी निर्माण की जिम्मेदारी से अवगत कराये जाये। बैठक में एडीएम श्री सिद्धात जैन, एसडीएम श्री रवि शंकर राय और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। आरओबी के संबंध दी गई जानकारी में बताया गया कि 733 मीटर लंबे आरओबी और 310 मीटर के एप्रोच रोड का निर्माण होगा। आरओबी के निर्माण हो जाने से नर्मदापुरम रोड पर ट्रैफिक का दबाब कम होगा और यातायात सुगम होगा।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने श्री 108 विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर दी श्रद्धांजलि



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल पुराना पावर हाउस मैदान सतना में श्री 108 विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विद्यासागर महाराज की पावन स्मृतियों को नमन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विद्यासागर महाराज के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर चर्चा की और समाज में उनकी शिक्षाओं के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने जनमानस से महाराज जी के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। महापौर सतना श्री योगेश ताम्रकार स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 51 यात्रियों का जत्था हनुमान चालीसा का पाठ कर कुंभ में स्नान के लिए रवाना

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि 51 भक्तों का जत्था बस द्वारा कुंभ स्नान करने हेतु प्रयागराज रिंकू भटेजा एवं दिव्या बोहरा के नेतृत्व में रवाना हुआ। यह बस भक्तों को लेकर दतिया,ओरछा, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, मैहर इत्यादि तीर्थ स्थान के दर्शन कराने के उपरांत भोपाल बापिस आयेगी । जत्थे में 7 वर्ष के मनतव्य महाजन एवं 75 वर्ष के विजय चौधरी शामिल हैं । जत्थे की बिदाई समाज सेविका मंजू गौतम द्वारा तिलक लगा फूल माला पहना कर की गई। इस मौके पर योगेश श्रीवास्तव ,धर्मेंद्र शर्मा , गजेंद्र ठाकुर ,मोनू चौरसिया ,कैलाश तंवर , आर के त्रिपाठी सहित अनेको नंडल सदस्य शामिल हुए।



# समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो विधानसभा का घेराव करेंगे बस संचालक और कर्मचारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों में लंबे समय से परिवहन उपायुक्त की नियुक्ति नहीं होने के कारण यात्री वसों के स्थाई परमिट की प्रक्रिया रुकी हुई है। स्थाई परमिट न मिलने के कारण संचालक अस्थाई परमिट पर वाहन चला रहे हैं, लेकिन आर.टी.ओ. द्वारा अस्थाई परमिट जारी करना भी बंद कर दिया गया है, जिससे वस संचालकों और कर्मचारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है।





प्रदेश की अधिकांश वस यूनियनें सरकार और प्रशासन से कई बार आग्रह कर चुकी हैं, लेकिन अब तक इस मुद्दे का समाधान नहीं निकला है। मध्यप्रदेश ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन इंटक के प्रदेश महासचिव प्रवेश मिश्रा ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि वस संचालक, जो हर महीने सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये टैक्स के रूप में देते हैं, सरकार के इस रवैये से निराश हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता भी इस समस्या से परेशान है। फेडरेशन महासचिव ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर वस संचालकों की समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं हुआ, तो 17 फरवरी 2025 से मध्यप्रदेश के वस संचालक और कर्मचारी भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। यदि फिर भी सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी, तो बजट सत्र के दौरान सभी वस संचालक और कर्मचारी वसों का संचालन बंद करके मध्यप्रदेश विधानसभा का घेराव करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आंदोलन, हड़ताल और घेराव उनकी इच्छा नहीं, बल्कि मजबूरी है। फेडरेशन ने सरकार से पुनः अनुरोध किया है कि मध्यप्रदेश के सभी क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरणों में स्थाई और अस्थाई परमिट प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ फिर से शुरू किया जाए, और अन्य समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए।





**आज प्रातः 11 बजे विधायक भगवान दास सबनानी द्वारा प्रयागराज महाकुंभ स्नान हेतु 44 श्रद्धालुओं की बस को नानके पेट्रोल पंप न्यू मार्केट से भगवा ध्वज लहरा कर रवाना किया। इस अवसर पर आरती राजू अनेजा, आशुतोष तिवारी, हेमंत बड़गैंया, आदि भी उपस्थित रहे। पावन यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता संतोष ब्रह्म भट्ट, राजेंद्र राठौर, अन्नू राठौर, गंगाराम कुशवाह सहित अनेकों धर्मप्रेमी सपरिवार सम्मिलित हैं।**

# आनंद शिविर में भाग लेने देश की चार संस्थाओं में जा सकते हैं शासकीय सेवक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आनंद विभाग लोगों के जीवन को टेन्शन फ्री कर उनके जीवन में आनंद के लिए कार्य कर रहा है। शासकीय सेवकों में आनंद शिविर से सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए राज्य आनंद संस्थान द्वारा वर्तमान में देश की 4 संस्थाओं से एमओयू किया गया है। इन संस्थाओं में द आर्ट ऑफ लिविंग फाउण्डेशन बैंगलूरू, इनिशिएटिव ऑफ चेंज पुणे, दशा (फाउंडेशन) गोगा सेन्टर कोयम्बटूर, हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट (कान्हा शान्तिवनम) हैदराबाद शामिल हैं। आनंद शिविर में भाग लेने के लिए आनंद विभाग की वेबसाइट WWW.anadsansthan-mp.in के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। आनंद शिविर में पंजीयन करवाते समय शासकीय सेवकों को नियंत्रणकर्ता अधिकारी की अनुमति आवश्यक होगी। आनंद शिविरों के माध्यम से व्यक्तियों को आनंद के साथ परिपूर्ण जीवन जीने की कला सीखने को मिलती है। चारों संस्थानों के साथ 5 आनंद शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें 184 प्रतिभागियों की सहभागिता रही।



**श्री शिव श्याम मंदिर शास्त्री नगर जवाहर चौक में शिखर स्थापना समारोह संपन्न हुआ।**

# महापौर मालती राय ने किया प्रस्तावित नमो उपवन निर्माण स्थल का अवलोकन



**भोपाल।** महापौर मालती राय ने लालघाटी चौराहे के समीप प्रस्तावित नमो उपवन निर्माण स्थल का अवलोकन किया और नमो उपवन हेतु होने वाले भूमिपूजन की सभी तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रविन्द्र यती, महापौर परिषद के सदस्य श्री मनोज राठौर व निगम अधिकारी मौजूद थे। महापौर श्रीमती मालती राय ने गुरूवार को लालघाटी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल के समीप प्रस्तावित नमो उपवन के निर्माण हेतु आगामी मंगलवार, 11 फरवरी 2025 को होने वाले भूमिपूजन के दृष्टिगत स्थल का अवलोकन किया और नमो उपवन की योजना एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। महापौर श्रीमती राय ने नमो उपवन निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मप्र में माधव नेशनल पार्क बनेगा 9वां टाइगर रिजर्व

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले- जल्द जारी होगा नोटिफिकेशन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश के चंबल इलाके में एक नया टाइगर रिजर्व बनने जा रहा है। माधव टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व होगा। पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने इसे टाइगर रिजर्व बनाने की मंजूरी दे दी थी। अब राज्य सरकार जल्द ही इसको लेकर नोटिफिकेशन जारी करने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शिवपुरी के माधव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने अधिसूचना जारी की जाएगी।

### मिलेगा नया टाइगर रिजर्व

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार विकास हो रहा है और एमपी को एक नया टाइगर रिजर्व मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि इस नए टाइगर रिजर्व के बाद चंबल अंचल में वन्यजीवों की समृद्धि और बढ़ेगी, और यह प्रदेश को वन्यजीव संरक्षण में नए कीर्तिमान स्थापित करने में मदद करेगा। केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद टाइगर रिजर्व को लेकर अधिसूचना जारी हो सकती है। इसके लिए औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 9वां टाइगर रिजर्व मिलने से क्षेत्र को वन्यजीवों से समृद्ध किया जाएगा। माधव टाइगर रिजर्व के बनने से प्रदेश में टाइगर रिजर्व की संख्या और बढ़ जाएगी। देश भर में सबसे ज्यादा टाइगर रिजर्व वाले राज्यों की कैटेगरी में शामिल एमपी में एक और टाइगर रिजर्व बढ़ जाएगा।

### कूनो में खुले जंगल में छोड़े गए चीते

बुधवार (5 फरवरी) को श्योपुर के कूनो अभयारण्य से मुख्यमंत्री मोहन यादव और वन विभाग के अधिकारियों ने 5 और चीतों को खुले जंगल में छोड़ा। इस दौरान सीएम मोहन यादव ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण में मध्य प्रदेश नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जल्द ही माधव टाइगर अभयारण्य एमपी का 9वां टाइगर रिजर्व बनेगा। उन्होंने कहा कि माधव टाइगर रिजर्व की काफी हद तक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। बता दें कि कूनो नेशनल पार्क से अब तक 7 चीतों को खुले जंगल में छोड़ा गया है। साथ ही चीता वीरा ने 2 नए शावकों को जन्म दिया है। इसको मिलाकर चीतों की संख्या 26 हो गई हैं। इन चीतों की मॉनिटरिंग के लिए 2 दलों का गठन किया गया है। सीएम ने कहा कि कल (बुधवार) को कूनो में 5 और चीते छोड़े गए हैं। यह गर्व की बात है कि पहले छोड़े गए चीते न केवल शिकार कर रहे हैं, बल्कि कुशलता से जंगल में विचरण कर रहे हैं। प्रकृति और संतुलन की यह अनमोल झलक हमारे प्रदेश में दिख रही है।

# अमेरिका की सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर पल्लवी तिवारी सहित 26 महिला विभूतियां सम्मानित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महिला सशक्तिकरण को लेकर काम कर रही अनुनय संस्था द्वारा भोपाल में गत दिनों आयोजित एक समारोह में अमेरिका की सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर पल्लवी तिवारी सहित 26 महिला विभूतियों को ऊर्जस्विता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पल्लवी की अनुपस्थिति में यह पुरस्कार उनके माता-पिता ने ग्रहण किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया थी।

मंत्री भूरिया ने इन विभूतियों को सम्मान स्वरूप शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। आईएचएम के प्राचार्य डॉ. रोहित सरीन, पीठाधीश स्वामी मनेश्वरानंद और छत्तीसगढ़ के पीसीसीएफ (वाइल्डलाइफ) सुधीर अग्रवाल और विभांशु जोशी इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर बालाघाट में सामुदायिक विकास के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए मार्गी वॉट्स कार्टर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्ष माही भजनी ने बताया कि अनुनय संस्था पिछले 14 वर्षों से गरीब एवं वंचित तबके के बच्चों की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। खासकर ऐसे बच्चों के लिए जो पन्नी बीनते हैं या भीख मांगते हैं। अब तक संस्था के सेतु सेंटरों के जरिये करीब एक हजार बच्चों को स्कूल से जोड़ा जा चुका है। इसके अलावा संस्था ने शाजापुर जिले में एक स्कूल के डिजिटलीकरण में भी अहम योगदान दिया है।

### इन विभूतियों का किया गया सम्मान

डॉ अनामिका जैन- उच्च शिक्षा (इंदौर), डॉ पल्लवी तिवारी- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (यूएस), संप्रिया पूजा- लोकनृत्य एवं गायन, (छत्तीसगढ़), डॉ वंदना अग्रवाल -स्कूल शिक्षा छत्तीसगढ़, ओरियल प्रिज़्मैन संरक्षण यूके, डॉ आरती सिन्हा- साउंड हीलर एवम वेलनेस कोच, चंद्रकला परस्ते- जनजातीय संस्कृति (डिंडोरी), प्रभाकर खलको- प्रशासन (छत्तीसगढ़), मेघा मुक्तिबोध- शिक्षा, मनीषा आनंद- मिसेज़ इंडिया, शोमिता भट्टाचार्य- पर्यावरण, (इंदौर), रोली शर्मा, विपणन पेशेवर (नई दिल्ली), आशा पठानिया- सत्कार उद्योग (हरियाणा), दिव्या अत्रि- समाज सेवा, भूमिका कलम- ज्योतिष इंदौर, अंजु तड़ियाल कौशल विकास, दक्षा वैदकर- प्रिंट मीडिया, हुमेरा ख़ान सामाजिक उद्यमी, श्रुति सिंह राजनीति, विशाखा कवठेकर- आर्किटेक्ट, अर्पणा चेंडके- उद्यमी (इंदौर), दीक्षा पाटकर भदौरिया नवाचार, आराधना मालवी आदिम कल्याण एवं खेलकूद (बैतूल), मीरा इंफ्लुएंसर (चीन), पूर्वा त्रिवेदी- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया।



### 9 दिन का बजट सत्र, राज्यपाल से मिले कांग्रेस विधायकः नेता प्रतिपक्ष बोले- लोकतंत्र नहीं चाहते तो एमपी को केंद्र शासित बनाने का प्रस्ताव भेज दें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 10 मार्च से 24 मार्च तक बजट सत्र बुलाया गया है। इस सत्र में मात्र 9 दिन ही बैठकें होंगी। सत्र की अवधि कम होने को लेकर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति जताई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। नेता प्रतिपक्ष के साथ उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक आरिफ मसूद और सुरेश राजे ने राज्यपाल को कांग्रेस विधायकों की ओर से ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल से मुलाकात के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि, सामान्यतः पिछले सालों के बजट सत्र पूरे एक महीने चलते थे और हर विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा होती थी। लेकिन अब तो यह आपातकाल जैसी स्थिति बन गई है मध्य प्रदेश में। हमने राज्यपाल जी से अनुरोध किया है कि वे इसमें हस्तक्षेप करें।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पहली बार होंगी सेक्टर वाइस समिट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर है। निवेशकों को अधिक प्रभावी अवसर देने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य के प्रमुख 6 सेक्टर्स पर केंद्रित समिट के आयोजन की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। यह पहली बार होगा जब हर सेक्टर के विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और निवेशक एक मंच पर आकर विशेषज्ञ चर्चाओं, अवसरों और नीतिगत सुधारों पर संवाद करेंगे। इससे निवेश प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की अद्वितीय भौगोलिक स्थिति, समृद्ध प्राकृतिक संसाधन, विकसित बुनियादी ढांचा और उद्योग-अनुकूल नीतियां इसे निवेश के लिए देश का सबसे आकर्षक डेस्टिनेशन बनाती हैं। शहरी विकास, पर्यटन, माइनिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, आईटी और एमएसएमई, ये सभी क्षेत्र अपनी असीमित संभावनाओं और अनुकूल वातावरण से निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। मध्यप्रदेश न केवल देश का पहला डायमंड प्रोड्यूसिंग स्टेट है, बल्कि ग्रीन एनर्जी हब, विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र और उभरते हुए टेक्नोलॉजी हब के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। इन विभागीय समिट से सरकार निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहन, संसाधनों की उपलब्धता और औद्योगिक ईको सिस्टम की मजबूती से अवगत कराएगी। इससे जीआईएस में होने वाली चर्चाएं वास्तविक निवेश प्रस्तावों में तब्दील हो सकेंगी। मध्यप्रदेश का शहरी बुनियादी ढांचा तेजी से सुदृढ़ हो रहा है।




भोपाल। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल का निधन





**नई दिल्ली।** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी और बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य कामेश्वर चौपाल का दिल्ली में निधन हो गया। कामेश्वर चौपाल ने दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। कामेश्वर चौपाल ने ही राम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखी थी। संघ ने उन्हें प्रथम कार सेवक का दर्जा दिया था। उनकी पढ़ाई-लिखाई मधुबनी जिले में हुई थी। यहीं वे संघ के संपर्क में आए थे। उनके एक अध्यापक संघ के कार्यकर्ता थे। संघ से जुड़े उसी अध्यापक की मदद से कामेश्वर को कॉलेज में दाखिला मिला था। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद ही वे संघ के प्रति पूरी तरह से समर्पित हो गए थे। इसके बाद उन्हें मधुबनी जिले का जिला प्रचारक बना दिया गया। साल 1989 में राम मंदिर की नींव के लिए पहली ईंट रखने के साथ ही चौपाल इतने मशहूर हो गए कि वे दो बार बिहार विधान परिषद के सदस्य भी बने। भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर चौपाल दलित समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। 1989 के राम मंदिर आंदोलन के समय हुए शिलान्यास में कामेश्वर ने ही राम मंदिर की पहली ईंट रखी थी। संघ ने उन्हें पहले कारसेवक का दर्जा दिया है। वह 1991 में रामविलास पासवान के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था। कामेश्वर चौपाल की पत्नी माता सीता बिहार के सीतामढ़ी की रहने वाली थीं। तब से लेकर सीतामढ़ी और अयोध्या के रिश्ते को प्रगाढ़ माना जाता है।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पेसमेकर क्लीनिक का उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया शुभारंभ

### निःशुल्क जांच की मिलेगी सुविधा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में प्रारंभ की जा रही पेसमेकर क्लीनिक हृदय रोगियों के लिए वरदान होगी। जटिल ऑपरेशन के उपरांत लगाए जाने वाले पेसमेकर की जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस क्लीनिक में मरीजों को निःशुल्क जांच की सुविधा मिलेगी। यह स्पेशल क्लीनिक हर माह के प्रथम गुरुवार को संचालित होगा, जिसमें प्रातः 9 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीज अपनी जांच करा सकेंगे। भविष्य में इस सुविधा के विस्तार के भी कार्य होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पेसमेकर क्लीनिक का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विंध्य क्षेत्र में असाध्य रोगों के उपचार के लिए वरदान बन गया है। यहाँ कुशल चिकित्सकों द्वारा मरीजों का कुशलता पूर्वक उपचार किया जा रहा है और उन्हें जटिल आपरेशन व अन्य उपचार के लिए बाहर जाने से मुक्ति मिल गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा को मेडिकल हब बनाने तथा चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लगातार प्रयास जारी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एमआरआई मशीन के लिए बनाए जा रहे स्थल का निरीक्षण किया तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि एमआरआई मशीन जल्द स्थापित कराई जा सके। डीन मेडिकल कॉलेज डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल डॉ अक्षय श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष कार्डियोलॉजी विभाग डॉ व्हीडी त्रिपाठी, डॉ एसके त्रिपाठी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# साइकिल नर्मदा परिक्रमा कर लौटे आनंद भट्ट का मंत्रालय संघ ने किया सम्मान



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

3500 किलोमीटर लंबी मां नर्मदा परिक्रमा साइकिल के द्वारा करने वाले मंत्रालयीन साथी और मंत्रालय संघ के पूर्व पदाधिकारी श्री आनंद भट्ट का मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आज मंत्रालय में स्वागत किया गया। तत्पश्चात् श्री आनंद भट्ट ने अपने परिक्रमा संबंधी अनुभव सुनाए।अंत में प्रश्नोत्तर का सत्र रखा गया था जिसमें परिक्रमा करने के इच्छुक अन्य कर्मचारियों ने अपनी अपनी जिज्ञासाएं रखीं और श्री भट्ट ने अपने अनुभव के आधार पर उनके उत्तर दिये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मंत्रालयीन अधिकारियों कर्मचारियों ने भाग लिया और मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सर्व श्री राजकुमार पटेल कार्यकारी अध्यक्ष,श्री राजेश कौल,संरक्षक आशीष सोनी,सलाहकार आलोक वर्मा,सचिव,सतीश शर्मा प्रमुख महामंत्री एल एस धुर्वे,दयानंद उपाध्याय,उपाध्यक्ष,हरिशरण द्विवेदी,उपाध्यक्ष,दिलीप सोनी,साधना मिश्रा संतोष बड़ोदिया नरेश सोनी दीप्ति बच्चानी,ठाकुरदास प्रजापति,मतीन खान,विष्णु नाथानी,हरीश बाथम श्याम बिहारी दुबे,विक्रम बाथम बादामीलाल,मंगल सोनवाने उपस्थित थे।

### लोक निर्माण मंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की हुई जांच, मुरैना की कंस्ट्रक्शन कम्पनी को ब्लैक-लिस्ट करने के निर्देश

# एक कार्यपालन यंत्री और दो उपयंत्रियों पर कार्रवाई

### लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं की टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसके तहत हर माह की 5 और 20 तारीख़ को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में हाल ही में लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं की टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। बैठक में निरीक्षण किए गए सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया। बैठक में प्रबंध संचालक भवन विकास निगम पंकज जैन, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता श्री एस.आर. बघेल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं समस्त मुख्य अभियंता उपस्थित रहे। प्रबंध संचालक श्री यादव ने सड़क, भवन और पुल निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए अलग-अलग चेकलिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण रिपोर्ट के लिए एक मानक फॉर्मेट तय करने का सुझाव दिया, जिससे निर्माण कार्यों की कमियों और सकारात्मक बिंदुओं को स्पष्ट रूप से दर्शाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि निरीक्षण के दौरान लिए गए नमूनों की लैब रिपोर्ट आने के बाद सभी दलों को फाइनल निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

समीक्षा बैठक में सिंगपुर-धरमपुर रोड से मझपुरा रोड के निर्माण कार्य में गुणवत्ता में गंभीर कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए उपयंत्री को निलंबित करने एवं कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। ठेकेदार मेसर्स माँ शारदा कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर पन्ना को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये गये।प्रबंध संचालक श्री यादव ने पन्ना जिले में वन स्टॉप सेंटर भवन कार्य में पाई गई कमी के आधार पर उपयंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। भोपाल जिले में भोपाल-देवास मार्ग में कि.मी. 20, 23,24 एवं 25 में कुछ स्थानो पर सरफेस में क्रेक एवं रफनेस पाई गई। मार्ग में डिवाईडर में पेंटिंग एवं साईन बोर्ड तथा शोल्डर मापदण्ड अनुसार नही पाये गये। इसके लिये ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस में सुधार कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया। ग्वालियर जिले में सड़क कार्य पटेल का पुरा से गुरी बंजारों का पूरा मार्ग में निरीक्षण में ठेकेदार के द्वारा सी.आर.एम. एवं डब्ल्यू.एम. का कार्य मानक स्तर का नहीं किये जाने के एवं कार्य में विलंब के कारण ठेकेदार मेसर्स कामतानाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी मुरैना को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये गये।

प्रबंध संचालक श्री यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने वाले ठेकेदारों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। एमडी श्री यादव ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के नेतृत्व में विभाग निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कितना कमजोर है, देश का स्वास्थ्य

राकेश दुबे

बजट के आँकड़े देश के कमजोर स्वास्थ्य की ओर इशारा कर रहे हैं। अपने देश भारत में औसतन 10,000 लोगों पर मात्र 2-3 डॉक्टर ही हैं। देश में डॉक्टरों की किल्लत है। जो नए एम्स खड़े किए जा रहे हैं, उनमें डॉक्टरों के आधे से अधिक पद खाली पड़े हैं, क्योंकि योग्य और विशेषज्ञ डॉक्टरों का बहुत अभाव है।

ऐसे में आगामी 5 सालों में 75,000 मेडिकल सीटों का सृजन एक महत्वपूर्ण घोषणा है। उनमें से 10,000 सीटें आगामी एक साल में ही सृजित करने का लक्ष्य तय किया गया है, लेकिन यह भी सवालिया है, क्योंकि विशेषज्ञ और वरिष्ठ चिकित्सक मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर नागरिक आशंकित हैं। फिलहाल देश में 1.16 लाख मेडिकल सीटें हैं। नए बजट में 200 जिला अस्पतालों में कैंसर के डे-केयर सेंटर स्थापित करने की घोषणा भी बेहद मानवीय है, क्योंकि महानगरों को छोड़ दें, तो दूरदराज और कस्बाई इलाकों में कैंसर जैसी घातक बीमारी की जांच और उसके इलाज की बुनियादी सुविधाएं ही नहीं हैं। कैंसर के विशेषज्ञ डॉक्टर भी बहुत कम हैं।

राजधानी दिल्ली में ही कैंसर अस्पताल में न तो नियमित डॉक्टर हैं और न ही जांच करने वाली मशीनें कार्यरत हैं। औसतन मरीज को 7-8 महीने बाद की तारीख दी जाती है। इतने अंतराल में मरीज की मौत भी संभावित है, लिहाजा 200 केंद्र खोलने की घोषणा महत्वपूर्ण है, लेकिन यह चरणबद्ध होनी चाहिए कि कब, कितने केंद्र खुलेंगे और बाकायदा सुचारू रूप से काम करना शुरू कर देंगे? यह भी गौरतलब सवाल है कि कैंसर केंद्रों का संचालन कैसे किया जाएगा? क्या उनका संचालन निजी भागीदारी के साथ होगा अथवा सरकार के स्तर पर ही तमाम बंदोबस्त किए जाएंगे?

निजी अस्पतालों में कैंसर के इलाज की सुविधाएं तो हैं, लेकिन इलाज बेहद महंगा है। औसत व्यक्ति इतना पैसा खर्च करने में असमर्थ है।कुछ साल पहले इसी तर्ज पर जिला अस्पतालों में गुर्दा मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई थी। उसका फायदा काफी लोगों को मिला था। इसी तरह कैंसर के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है। स्वास्थ्य बजट के राजनीतिक आयाम भी हैं।

मोदी सरकार ने 'आयुष्मान भारत' योजना लागू तो कर रखी है, लेकिन उसका भी अर्धसत्य यह है कि सिर्फ सर्जरी के मामले में ही वह कार्ड मान्य है। यदि आप अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं, तो 'आयुष्मान' के जरिए इलाज नहीं करा सकते। 'आयुष्मान' की पात्रता के लिए भी कई शर्तें हैं, लिहाजा उन्हीं को यह सेवा उपलब्ध है, जो बिल्कुल वंचित जमात के हैं। विश्व बैंक के अनुसार, भारत में सरकार 50.2 प्रतिशत इलाज का ही खर्च उठाती है। शेष 49.8 प्रतिशत लोग अपनी जेब से ही इलाज कराने को विवश हैं। दिल्ली की सरकार 'मुफ्त स्वास्थ्य' के जुमले का शोर मचाती रही है, लेकिन सरकारी अस्पतालों में आम आदमी की स्थिति कीड़े-मकौड़े जैसी है। डॉक्टरों का व्यवहार बेहद रूखा है। शायद ही कोई अपवाद होगा, जिसका इलाज दिल्ली सरकार ने अपने खर्च पर निजी अस्पताल में कराया होगा!

वैसे भी इन समस्याओं का बजट में अक्सर उल्लेख नहीं होता। बजट तो भारत सरकार की 'बैलेंस शीट' होती है। 2025-26 में स्वास्थ्य बजट 99,858 करोड़ रुपए आवंटित किया गया है। बीते वित्त वर्ष की तुलना में यह 8-9 हजार करोड़ रुपए अधिक है। यह पर्याप्त नहीं है। बजट में अनुसंधान पर भी विशेष फोकस किया गया है। चालू वित्त वर्ष में अनुसंधान विभाग का बजट 3301 करोड़ रुपए था। उसे बढ़ाकर 3900 करोड़ किया गया है। कुछ गंभीर बीमारियों की जीवनरक्षक दवाएं सस्ती करने की घोषणा की गई है, लेकिन असली दवाओं की उपलब्धता बेहद जरूरी है। लंबे अंतराल से बहस जारी है कि शिक्षा और स्वास्थ्य के बजट कमोबेश 6 फीसदी होने चाहिए। चूंकि मुद्रास्फीति बढ़ती रही है, लिहाजा बजट का कमोबेश 10 प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च करना चाहिए। यह बजट 1 लाख करोड़ से भी कम है, जबकि कुल बजट 50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का है। गणना कर लीजिए कि शिक्षा-स्वास्थ्य पर कितना बजट आवंटित किया गया है।

# इबादत के दुश्मन ये संकीर्ण व रुग्ण मानसिकता के लोग

निर्मल रानी

जिस समय अबू धाबी में स्वामीनारायण मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत वर्ष 14 फ़रवरी 2024 को किया गया था उस समय भारतीय मीडिया में इसकी ज़ोरदार चर्चा हुई थी। अबू धाबी में 27 एकड़ ज़मीन पर बने इस पहले एवं विशाल हिंदू मंदिर के उद्घाटन समारोह में 42 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस मंदिर के निर्माण हेतु 13.5 एकड़ ज़मीन अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख़ मोहम्मद ने वर्ष 2015 में बीएपीएस संस्था को दान स्वरूप भेंट की थी। ग़ौरतलब है कि संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 26 लाख भारतीय रहते हैं जो वहां की कुल जनसँख्या का लगभग 30त्न हिस्सा है। इससे पहले दुबई में भगवान शिव व भगवान कृष्ण के दो अलग अलग मंदिर और एक गुरुद्वारा तथा अबू धाबी में एक चर्च पहले से मौजूद थे परन्तु यहाँ कोई मंदिर नहीं था। हालाँकि अबू धाबी में निर्मित हुये इस विराट व भव्य मंदिर के निर्माण के बाद यह प्रचारित करने की कोशिश की गयी कि यह अरब जगत में निर्मित पहला हिंदू मंदिर है परन्तु यह सच्चाई से कोसों दूर गोदी मीडिया द्वारा सत्ता की चापलूसी के लिये गढ़ा गया एक नरेटिव मात्र था। क्योंकि बहरीन की राजधानी मनामा में सिंधी हिंदू समुदाय का श्रीनाथजी का मंदिर एक सदी से भी अधिक पुराना है। पड़ोसी देश सऊदी अरब में रहने और काम करने वाले हिंदू भी पवित्र अवसरों पर इस मंदिर में पूजा-पाठ करने आते हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में 125 वर्ष प्राचीन मोतीश्वर मंदिर भगवान शंकर का मंदिर हैं। जबकि मस्कट के ही रुवी में 150 साल पुराना कृष्ण-विष्णु मंदिर भी है। इस मंदिर को ओमान के सुल्तान ने ओमान में बसे गुजराती हिन्दू समुदाय के लिए मित्रता के प्रतीक के रूप में निर्मित कराया था। इसके अलावा भी दुबई में संपन्न भारतीय समुदाय में दक्षिण भारतीयों के अलावा सिंधी, मराठी, गुजराती, पंजाबी और क़रीब सभी प्रमुख धर्मों के कई दशकों पुराने अनेक धार्मिक स्थान हैं। यहाँ इन्हीं मंदिरों में ही पूजा अर्चना,हवन यज्ञ धर्म व आध्यात्मिक से जुड़े समारोह, उत्सव व अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि दुबई और उसके आसपास के कुछ शहरों और खाड़ी के अन्य हिस्से में दिवाली की रात ठीक उसी तरह की रोशन होती है, जैसे भारत में होती है।

यह तो उन इस्लामिक देशों में मंदिरों की स्थिति है जहाँ मूर्ति पूजा प्रतिबंधित मानी जाती है परन्तु केवल धार्मिक सौहार्द व सम्मान के कारण अरब जगत के कई देश धार्मिक सहिष्णुता का परिचय देते हुये एक दूसरे की धार्मिक मान्यताओं व परंपराओं का आदर व सत्कार करते हैं। निश्चित रूप से जब भारतीय समाज ऐसी ख़बरों से बाख़बर होता है तो उसे बेहद ख़ुशी होती है। परन्तु ठीक इसके विपरीत हमारे देश में असहिष्णुता का दिनोंदिन बढ़ता सिलसिला हमारे लिये शर्मिन्दिगी का सबब बनता जा रहा है। यदि हम अरब देशों में मंदिरों के निर्माण पर ख़ुश हो सकते हैं। जब हम बांग्लादेश,पाकिस्तान या अफ़ग़ानिस्तान जैसे देशों में मंदिर गुरुद्वारों व चर्चों पर होने वाले हमलों पर क्रोधित होते हैं तो हमें स्वयं सौहार्द की मिसाल पेश कर दुनिया के सामने सहिष्णुता व सद्भाव का एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिये। परन्तु यहाँ तो सत्ता के संरक्षण में स्थिति दिन प्रतिदिन कुछ और ही होती जा रही है। गुजरात से शुरू हुआ धार्मिक असहिष्णुता का यह घिनौना खेल अब उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,हरियाणा,राजस्थान,उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों तक जा पहुंचा है। कहीं मस्जिदों में नमाज़ अदा करने से रोका जा रहा है तो कहीं अपने घरों में ही नमाज़ पढ़ने पर पाबन्दी लगा दी गयी है।

लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर विशेष

# लता जी जैसा कोई नहीं

तीन साल पहले आज के दिन परलोक में भारी गहमागहमी रही होगी। स्वर कोकिला वहाँ पहुंची थीं। वाग्देवी का सानिध्य उन्हें मिला होगा। धरतीवासी उन्हें पूरी शिद्दत से आज भी याद करते हैं। वे अपनी आवाज के माध्यम से हमेशा सबके साथ रहेंगी।प्रशंसक उनके कालजयी गीतों को सुनते हुए गुलजार साहब से सहमत हो जाते हैं कि 'नाम गुम जाएगा, चेहरा ये बदल जाएगा, मेरी आवाज ही पहचान है, गर याद रहे'। विज्ञान का नाम बीच में लाकर अवधारणा बना ली गई है कि ध्वनि कभी पूरी तरह समाप्त नहीं होती, उसकी तरंगें अंतरिक्ष में अनंत काल तक बनी रहती है। यही मान्यता आवाज को अनश्वरता प्रदान करती है। उन्नत तकनीक लंबे समय तक किसी की भी आवाज को संरक्षित रख सकती है। लता जी के प्रशंसक टेक्नोलॉजी की सहायता से हर दिन उन्हें सुना करते हैं। रस, छंद, ताल और संगीत के प्रत्येक क्षेत्र में लता जी को महारत हासिल थी। स्वर और गायन के मामले में उनपर ईश्वर की महती कृपा तो थी ही, उनकी अपनी तपस्या भी कम नहीं थी। पाँच वर्ष की छोटी सी उम्र में वे शास्त्रीय संगीत को समझने लगी थीं। सतत अभ्यास और कठोर अनुशासन ने उन्हें गायकी में सिद्धि के साथ दिव्यता भी प्रदान की थी। उनके स्वर में अनोखी पवित्रता का स्थायी भाव होता था जो उनके गीतों में भी झलकता था। वे प्रेम गीत गाएँ या विरह के, गजल गाएँ या कव्वाली, जो भी गाती थीं, उसमें अलौकिकता का आभास होते लगता था। याद करिए, 'जानेवाले से मुलाक़ात न होने पाई', 'छुप गया कोई रे दूर से पुकारे के', 'तुम न जाने किस जहां में खो गए', 'बचपन की मोहब्बत को दिल से न जुदा करना', 'वो दिल कहां से लाऊँ तेरी याद जो भुला दे', 'लो आ गई उनकी याद वो नहीं आए' जैसे अनेक गीत जो आपके कलेजे को चीर कर रख देते हैं। मान लेते हैं कि उनके स्वर में करुण रस स्थायी भाव बनकर बहता था परंतु श्रृंगार, हास्य, अल्हड़ता, रोमांस आदि भी उनके कंठ से अपने श्रेष्ठतम स्वरूप में निःसृत होते थे।



'धीरे-धीरे मचल ऐ दिल-ए-बेकरार' में नवविवाहिता की मुग्धता, 'जोगी जब से तू आया मेरे द्वारे' में नव यौवना की प्रेम अनुभूतियाँ, 'कुछ दिल ने कहा, कुछ भी नहीं' में रहस्यवाद, 'तुम्हीं मेरे मंदिर, तुम्हीं मेरी पूजा' में भारतीय अर्द्धांगिनी का संपूर्ण समर्पण, और ऐसे ही हजारों गीतों में भावनाओं की विविधता का इतना सुंदर प्राकट्य लता जी के स्वर के बिना संभव था क्या? जैसे सदाचारी तपस्वियों की अपनी आभा होती है, लता जी के स्वर में दिव्यता मौजूद होती थी। जब वे गाती थीं, 'कहाँ ले चले हो बता दो मुसाफिर' तो श्रोता सम्मोहित होकर अनजाने संसार में जाने के लिए उद्यत हो जाता है। 'आ जा रे परदेशी' की पुकार किसी को भी उस पार खींच लेगी। लोरियाँ सबसे अधिक लता जी ने गाई होंगी। बच्चों को जितनी बार उन्होंने स्वर उधार दिए, उतना मौक़ा और किसे मिला होगा? भजन फिल्मी हों या गैर फिल्मी, लता जी उन्हें भावपूर्ण बना देती थीं। फिल्मों की बेहतरीन गजलें उनके हिस्से में आई हैं। 'ऐ मेरे वतन के लोगों' जैसी अमर रचना के साथ पूरा न्याय उन्होंने किया। कवि प्रदीप के शब्दों को लता जी के स्वर में सुनते हुए किसका दिल नहीं भर आता? वे 'आ जान-ए-जां, आ मेरा ये हुस्न जवां' जैसा बेहतरीन कैबरे गाती हैं तो 'अल्ला तेरो नाम ईश्वर तेरो नाम' जैसा भजन भी। वे चुलबुले 'तेरा जादू न चलेगा ओ सँपेरे' में मस्ती भर देती हैं तो 'ये शाम की तनहाइयाँ ऐसे में तेरा ग़म' से उदासी। यह तो उदाहरण मात्र हैं।

संगीतप्रेमियों के लिए लता जी वंदनीय हैं। उनके गाए गीतों पर पीएच.डी. की जा सकती है। सन 1960 में हृषिकेश मुखर्जी की फिल्म 'अनुराधा' में उन्होंने पंडित रविशंकर जी के संगीत निर्देशन में पहली बार गाया। यह संयोग तब दुर्लभ श्रेणी का बन गया जब पहले पंडित रविशंकर और बाद में लता मंगेशकर को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से विभूषित किया गया। लता जी कभी हृषि दा' की फिल्मों में गाने का पारिश्रमिक नहीं लेती थीं, खास अलग रिश्तों के कारण। 'अनुराधा' में लता जी का गाया 'साँवरे साँवरे' एकमात्र ऐसा गीत है जिसमें पंडित रविशंकर जी ने स्वयं सितार बजाई है।

लता जी के समकालीन संगीतकार, गायक और अभिनेत्रियों में शायद ही कोई हो जिसने उनके साथ काम न किया हो। जिन्होंने कभी उनके साथ काम नहीं किया या कुछ समय के लिए उनसे दूरी बना ली, हो सकता है उन्होंने भी कुछ खोया हो और संगीतप्रेमी कई मधुर सौग़ातों से वंचित रह गए हों।

# विद्यासागर जी के गुणों का अनुकरण जरूरी है


कौशल किशोर चतुर्वेदी

आचार्य विद्यासागर जी तप, त्याग, सेवा, संयम, समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। व्यक्तिगत जीवन में तप, संयम, त्याग, सेवा, समर्पण जैसे शब्द उनके व्यक्तित्व के सम्मुख छोटे पड़ जाते हैं। आचार्य विद्यासागर जी ने अपने जीवन में सभी आवश्यक नियमों का पालन किया। संत परंपरा का अनुसरण करते हुए उनके प्रकृति के साथ संबंध, जीवन शैली, मानव सेवा और समाज को मार्गदर्शन के माध्यम से वे अपने जीवन काल में ही देवता के रूप में स्वीकारे जाने लगे। जिसको भी आचार्य श्री के दर्शन का सौभाग्य मिला, वह उनके व्यक्तित्व की पूजा करने लगा। उनके प्रति नतमस्तक हो गया। ऐसे संत के बारे में शब्द 'भूतो न भविष्यति' पूरी तरह से सही साबित होते हैं। मुझे भी आचार्य श्री के दर्शन का सौभाग्य मिला, यह जीवन की अमूल्य उपलब्धि है। भोपाल में संत शिरोमणि विद्यासागर जी का स्मृति स्थल बनेगा, यह सुखद और संतुष्टिदायक है।

विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस पर विधानसभा परिसर में आयोजित गुरु गुणानुवाद सभा निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मध्यप्रदेश सरकार की संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज को सच्ची श्रद्धांजलि है। प्रदेश के प्रशासनिक मुखिया अनुराग जैन भी इसके लिए बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साझा किया कि उन्हें नेमावर में संत-श्री के सानिध्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। साक्षात देवता के दर्शन के समान प्रतीत होता संत-श्री का अलौकिक व्यक्तित्व जीवन को धन्य करने वाला था। जैन और सनातन दर्शन में आत्मा की भूमिका आवागमन की बताई गई है। यह माना जाता है कि वस्त्र बदलने के समान ही पवित्र आत्मा शरीर बदलती है। इस दृष्टि से यह मानना कि महाराज जी हमारे बीच नहीं है, व्यर्थ है। वास्तविकता यह है कि उन्हें स्मरण करने और मन की आंखों से देखने के क्षणिक प्रयास मात्र से ही आचार्य श्री विद्यासागर जी के आस-पास होने की सहज अनुभूति होती है। उनके व्यवहार, स्वरूप और विचार के प्रभाव के परिणाम स्वरूप सभी व्यक्ति उन्हें अपना मानते थे। प्रदेशवासियों में संत-श्री के प्रति इतने अपनत्व और आदर का भाव था कि यह किसी को अनुभूति ही नहीं होती थी कि वे कर्नाटक से हैं।

वास्तव में कहा जाए तो संत श्री के पास पहुंचकर किसी को भी यह अनुभूति नहीं होती थी कि वह जैन समाज से हैं। और उन्होंने सभी के प्रति हमेशा समभाव रखा। लाखों लोगों ने उनके दर्शन और प्रेरणा से मांस-मदिरा का आजीवन परित्याग कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के यह उद्गार सही ही हैं कि आचार्य श्री विद्यासागर जी ने अपनी इच्छा शक्ति से जीवन के कई क्षेत्रों में समाज को दिशा दी। स्वरोजगार के क्षेत्र में जेल से लेकर समाज में महिलाओं को रोजगार देने का मार्ग प्रशस्त किया। गौ-माता की भी उन्होंने चिंता की तथा गौ-माता के माध्यम से लोगों के जीवन और प्रकृति में बदलाव के लिए गतिविधियों को प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में की गई उनकी पहल अनुकरणीय है। आचार्यश्री ने अपने विचार, भाव और कर्म से समाज को प्रकृति व परमात्मा के समान पुष्पित-पल्लवित, प्रेरित करने का कार्य किया। संत-श्री का विचार था कि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। वे भाषाओं की समृद्धि पर विशेष ध्यान देते थे, उनका विचार था कि भाषाओं की विविधता की जानकारी से भारत की आंतरिक शक्ति में भी वृद्धि होती है और ज्ञान के लिए भाषाओं की समृद्धि आवश्यक है।



प्रदेश में खुले में मांस की दुकानों को भी बंद किया गया। तेज ध्वनि को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार संवेदनशील है। प्रदेश में शराब बंदी की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 17 धार्मिक नगरों में शराबबंदी लागू की गई। समाज में इस दिशा में सुधार की आवश्यकता है। अगर मध्यप्रदेश सरकार आचार्य श्री के विचारों को आदर्श मानते हुए इस दिशा में कदम बढ़ा रही है, तो डॉ. मोहन यादव की सोच अनुकरणीय है। वास्तव में राजधर्म यही कहता है कि श्रेष्ठतम संत आचार्य विद्यासागर के गुण, आचरण और विचारों का अनुकरण सभी करें, बस यही जरूरी है। तब भ्रष्?टाचार खत्म हो सकेगा, अपराध मुक्त राज्य की कल्पना साकार होगी और सर्वे भवंतु सुखिन~का मंत्र चरितार्थ हो सकेगाज।

# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी ने खड़े किए कई सवाल



-ललित गर्ग -

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।





हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित भी किया, इस वजह से अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि भी प्रभावित हुई है।

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। इतना ही नहीं, कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है।

अमेरिका से लौटे भारतीयों के दर्द को कम करना होगा एवं समझना होगा। इसके लिये भारत सरकार को व्यापक प्रयास करने होंगे। एक तो अवैध तरीकों से लोगों को विदेश पहुंचाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त मुहिम चलानी होगी ताकि इस प्रक्रिया पर रोक लगे। दूसरी बात यह कि इसके साथ-साथ भारत में नौकरियों के नए अवसर बनाने पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में एक अहम सवाल यह भी है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? अन्यथा भारत का युवा हर मोर्चे पर ऐसे अपमान, दर्द, परेशानी के दंश को झेलता रहेगा। प्रेषकः

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# दमोह पुलिस का विशेष सायबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक



**दमोह।** पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देश पर चलाये जा रहे सायबर जागरूकता संबंधी प्रदेश व्यापी विशेष अभियान *सेफ क्लिक* के अंतर्गत आज दिनांक 06/02/2025 को पुलिस अधीक्षक दमोह श्रुतकीर्ति सोमवंशी के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक दमोह के नेतृत्व में दमोह जिला अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र में पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं चमन चौराहा पर दमोह देहात क्षेत्र में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलाई पटेरा क्षेत्र में मॉडल स्कूल पटेरा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देव डोंगराजबेरा क्षेत्र में हाट बाजार रजपुरा क्षेत्र में बस स्टैंड पर सायबर सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए इंटरनेट सेफ्टी/ओ.टी.पी./डिजिटल अरेस्ट/ ए.पी.के फाईल/फर्जी लोन एप आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा पंपलेट वितरित और दीवारों पर चिपकाये गए।

# सुरेंद्र अग्रवाल फिर बने संभाग अध्यक्ष, प्रतीक खरे होंगे महासचिव



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया ने प्रांतीय उपाध्यक्ष और सागर संभाग प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल की अनुशंसा पर वर्ष 2025-26 के लिए संघ की सागर संभागीय इकाई का गठन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप दी है। महासचिव पद का दायित्व फिर से प्रतीक खरे निभाएंगे। संघ के प्रांतीय कार्यकारी महासचिव सत्य नारायण वैष्णव द्वारा जारी नवगठित संभागीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के साथ ही 6 उपाध्यक्ष, 6 सचिव, 6 संयुक्त सचिव और 6 कार्यकारिणी सदस्यों को शामिल करते हुए सागर संभाग के सभी जिलों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। संभागीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल छतरपुर, महासचिव प्रतीक खरे छतरपुर और कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह राजावत चुरियारी गौरिहार छतरपुर, उपाध्यक्ष भरत चौरसिया संतू छतरपुर, वीरेंद्र त्रिपाठी टीकमगढ़, नरेंद्र चौंकरया हिनौता हटा दमोह, प्रमोद राजपूत सागर, शेख मुजफ्फर अली पृथ्वीपुर निवाड़ी, श्याम तिवारी देवेंद्रनगर पन्ना को बनाया गया है। सचिव के पद पर वीरेंद्र पटेल गौरिहार छतरपुर, उमेश यादव सागर, भगवानदास झा जतारा टीकमगढ़, डॉ. विजय बजाज हटा दमोह, आलोक कुमार मोदी अमानगंज पन्ना, हरनारायण पांडे जेरोन पृथ्वीपुर नियुक्त किए गए। संयुक्त सचिव का पद राममिलन घोष सरबई छतरपुर, वंदना तोमर सागर, मुकेश तिवारी जतारा टीकमगढ़, विवेक सेन दमोह, शमीम एहमद खान पवई पन्ना, मीत नायक निवाड़ी को सौंपा गया है।

# मित्रता रूपी महापुराण का सार है श्री कृष्ण और सुदामा



औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- मित्रता का सच्चा अर्थ जानना है तो श्री कृष्ण और सुदामा से मिलिए, मित्र वही सच्चा है जो केवल फेसबुक पर ही मित्र की पोस्ट को लाइक ना करें, बल्कि मित्र के जीवन में कोई दुख हो तो श्री कृष्ण की तरह उसके दुख में खड़ा रहे,, मित्रता धन देखकर नहीं होती है यह दिखाने के लिए भगवान ने सुदामा से इतना प्रेम किया, आज के समय में ऐसा होता है की निर्धन मित्र की पोस्ट को लाइक नहीं करते लोग तो मित्र को क्या करेंगे, उक्त विचार पंडित पवन कृष्ण शर्मा ब्रज धाम कुड़ाना जिला शाजापुर वाले ने कारी तलाई में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर व्यक्त कि पंडित शर्मा ने कहा कि भगवान राम और कृष्णा ने यही शिक्षा दी कि समाज में जो सबसे पीछे खड़े हो गरीब हो, उन तक हमें पहुंचना चाहिए पंडित जी ने कहा कि भगवान ने आपको जिस कार्य क्षेत्र में भेजा है उसके माध्यम से आप किसी गरीब का हित करो तो वह कर्म ही आप का पूजा हो जाएगा,, हमें जो जीवन में मिला है यह आंसू देने के लिए नहीं किसी दुखी व्यक्ति के आंसू पूछने के लिए मिला है, हमें हमारे आसपास देखना चाहिए कहीं किसी झोपड़ी में सुदामा जैसे कोई जी रहे हो तो उनकी मदद करिए यह द्वारकाधीश की सच्ची पूजा है,, आज प्राय~यह देखने में आता है कि हम मंदिर में पत्थर लगाने के लिए लाखों का दान दें देते हैं, पर कोई गरीब बीमार पड़ा है तो उसको ?100 रुपए नहीं देंगे किसी मंदिर में हीरे जड़ित चादर चढ़ा देते हैं,, आज कथा के समापन अवसर पर पंडित शर्मा ने उपस्थित जन न समूह से कहा कि सात दिन जो कथा आपने सुनी उसे जीने की कोशिश करें, और दक्षिणा के रूप में एक पेड़ लगाने, और एक गाय पालन करने का हमें वचन दें, यही हमारी दक्षिण है,,

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे ओबेदुल्लागंज थाने, झूठे मुकदमे पर जताया विरोध की निष्पक्ष जांच की मांग



ओबेदुल्लागंज (संवाददाता)- युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष परेश नागर पर झूठे मुकदमे दर्ज करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को ओबेदुल्लागंज थाने पहुंचे ओर परेश नागर पर झूठी एफआईआर दर्ज करने का विरोध दर्ज कराया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि निष्पक्ष जांच के बगैर किसी भी कांग्रेसी कार्यकर्ता पर एफआईआर करना गलत है यदि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को परेशान किया गया तो इसका जवाब दिया जायेगा। आपको बता दें कि बीते दिनों अतिक्रमण की मुहिम के दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों ने व्यापारियों से अभद्रता की थी इसके विरोध में परेश नागर मुख्य चौराहे पर धरने पर बैठे थे लेकिन चार दिन बाद अचानक उन पर शासकीय कार्य में बाधा सहित अन्य धाराओं में ओबेदुल्लागंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है लोगों की माने तो युक्त करवाई राजनीतिक रंजिश के तहत करवाई की गई



उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने गौ सेवा एम्बूलेंस को रवाना किया।





# सब्जी मंडी तथा पालीवाल कॉलोनी दोनों तरफ से जुड़ेगा बस स्टेंड का निर्माणाधीन नाला

## पानी निकासी की झंझट से मिलेगी मुक्ति



**सिरोंज।** स्थानीय बस स्टैंड से वलेजा पेट्रोल पंप होते हुए बासौदा रोड स्थित नहर तक बनने मंडी बायपास मार्ग पर दोनों ओर बनने वाले नाले के निर्माण कार्य में अब नागरिकों की सुविधा ओर बस स्टैंड तक के पानी की निकासी करने के लिए विस्तार किया गया है अब यह नाला एक ओर पालीवाल कॉलोनी तरफ से तथा दूसरी ओर नगरपालिका की ओर से सब्जी मंडी में प्रवेश द्वार से मंडी की बनी हुई दुकानों के आगे से जोड़ा जाएगा। इन नालों के निर्माण हो जाने से बारिश का पानी इन नालों के माध्यम से निकलने में सुगमता हो जाएगी। उल्लेखनीय हे कि नपा द्वारा विगत दिनों सब्जी मंडी परिसर का निर्माण करवाया गया है जिससे पहले बारिश का जो पानी बहकर सब्जी मंडी में से निकल जाता था। ऊंचाई बढ़ जाने से बारिश के इस पानी को दुकानों में भर जाने की चिंता स्थानीय दुकानदारों को सताने लगी थी। उनकी भावनाओं और परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पार्षद सचिन शर्मा ने विधायक उमाकांत शर्मा को अवगत कराया था। आम जनता की सुविधा की लिए विधायक शर्मा के निर्देश के बाद प्रशासन ने पानी निकासी की योजना बनाई तथा बुधवार को एडीएम हर्षल चौधरी ने नपा प्रशासन के साथ बस स्टैंड पहुंचकर बनाए जाने वाले नाले के स्थान को चिन्हांकित कर चुने की लाइन डालकर लेआऊट दिलवाया।

कॉन्वेंट स्कूल की तरफ से यह नाला बस स्टैंड से जुड़ जाने से तथा सब्जी मंडी तरफ से यह नाला जुड़ जाने से बस स्टैंड का भी पानी नाले के माध्यम से निकल जाने से पानी भरने की समस्या से भी हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी। मंडी रोड पर नाले के निर्माण के लिए तथा आवागम के लिए सड़क को चौड़ा करने के लिए भी सड़क के दोनों ओर सी सी सड़क को बढ़ाया जाएगा इसके लिए कृषक भवन की बाउंड्रीबॉल को भी छोटा किया जाएगा। वहीं सामने की ओर कब्रिस्तान की भूमि पर सड़क से सट कर लगी दुकानों को भी आम सहमति से पीछे करके निर्माण किया जाएगा। इस दौरान नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,भाजपा नेता हरीबाबू भार्गव,पार्षद हरिचरण अहिरवार,बलजीत यादव सीएमओ रामप्रकाश साहू,इंजीनियर रोहित तोमर सहित राजस्व एवं नपा का अमला उपस्थित रहा।

गुणवत्ताहीन निर्माण पर एसडीएम ने जताई नाराजगी इस दौरान एसडीएम हर्षल चौधरी ने वार्ड तीन में मंगल भवन के पीछे बन रही सड़क का भी अवलोकन किया। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सड़क एवं नाली निर्माण करने की शिकायत मिली थी। एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू एवं इंजीनियर को ठेकेदार द्वारा प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने के साथ नाली के निर्माण में प्रयोग किए जा रहे।

# जबलपुर पाटन की घटना को लेकर ब्राह्मण समाज ने दिया ज्ञापन



**दमोह।** जबलपुर जिले के पाटन के टिमरी गांव में अपने खेत में जुआं खेलने से मना करने पर असामाजिक लोगों द्वारा ब्राह्मण समाज के चार सदस्यों की दिनदहाड़े हत्या कर दी थी जिसपर अभी तक संतोषजनक कार्रवाई ना होती देख सर्व ब्राह्मण समाज दमोह द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर दमोह के माध्यम से विगत दिवस गुरुवार को सौंपा गया। हत्याकांड से आहत विप्र समाज के सदस्य वडी संख्या में एकत्रित होकर बाइक रैली के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर डिप्टी कलेक्टर अविनाश रावत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ब्राह्मण परिवार के चार सदस्यों की हत्या से संपूर्ण ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्याप्त है और मांग की गयी है पीडित परिवार को तत्काल 50-50 लाख रुपए सहायता राशि प्रदान की जावे।

आरोपीगण के द्वारा हीरा मार्केट में निर्मित जिन दुकानों से अवैध गतिविधियाँ संचालित की जाती है उन्हें तोडा जावे। साथ ही घटना में संलिप्त आरोपीगण के मामले में शीघ्र कार्यवाही कर उन्हें फाँसी की सजा दी जाये। इसके अलावा घटना में फरार अरोपीगण से परिवार को गंभीर खतरा है अतः परिवार को सुरक्षा प्रदान की जावे और सार्वजनिक स्थान पर घातक हथियारों से वार कर इस तरह निर्मम घटना की गई है जिसमें आरोपीगण को संरक्षण देने तथा उचित समय पर कार्यवाही न करने वाले दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की जावे।

ज्ञापन में कार्रवाई ना होने की दशा में आगामी दिवस को जबलपुर में आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान समाज की वरिष्ठ सदस्य स्वामी अशोक तिवारी, गोपाल प्यासी, मनु मिश्रा, रामकुमार पाठक, हरीश मिश्रा, वीरेंद्र दवे, पवन तिवारी, बृज बिहारी पटेरिया, मोनू पाठक, नितिन मिश्रा, सतीश तिवारी, मनोज देवलिया, मनीष नगाइच, मनीष तिवारी, परशु चौबे, बबलू भट्ट, दिनेश मिश्रा, सुधीर पाण्डेय, सीतु पण्डा, गिरीश मिश्रा, प्रमेश शिरोठिया, मातृशक्ति के रूप में श्रीमती प्रभात मिश्रा, सुश्री मंजूषा चौबे, गिरिजा त्रिपाठी, प्रगति मिश्रा, संध्या नायक, श्रेया पाठक, नीना दुबे, इंदु सिरोठिया, शोभना तिवारी, राखी तिवारी, संजय गौतम, मोंटी रैकवार, दीपक मिश्रा, अभिषेक डिम्हा, मुकेश पांडेय, शंकर गौतम, अंबर मिश्रा, बंटी शुक्ला, श्रवण पाठक, राजेश चौबे, लखन चौरहा, नारायण दुबे, अरुण दुबे, राजुल चौरहा, राम गौतम, रिंकू गोस्वामी, ब्रजेश गर्ग, आशीष रजौरिया, नित्या प्यासी सहित विप्र जनों की उपस्थिति रही।

# पार्वती पुल के नीचे शव मिला

**आष्टा।** आष्टा के पार्वती थाना अंतर्गत इंदौर भोपाल हाईवे मार्ग के नए पार्वती पुल के नीचे लौरास खुर्द निवासी रोहित पिता मुकेश मेवाडा युवक का शव मिला है। अब यह हत्या है या आत्महत्या ,यह पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट होगा। पार्वती थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम रुम हेतु भेजा।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन को किया सम्मानित



खरगोन //भारत सरकार की पैक्स कंप्यूटराइजेशन योजना अंतर्गत सराहनीय कार्य करने के लिए 06 फरवरी को भोपाल में सहकारिता मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विश्वास सारंग द्वारा प्रबंध संचालक श्री पीएस धनवाल एवं टीम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया। श्री धनवाल ने इस सम्मान को बैंक एवं संस्था के कर्मचारियों को विशेष कर मास्टर ट्रेनर्स रूपक असरोदिया, अभिषेक पालीवाल एवं हितेष पाटीदार को समर्पित करते हुए कहा कि यह सब उनके द्वारा अनुशासित होकर निरंतर किए गए उत्कृष्ट कार्य के कारण ही संभव हो सका है। कर्मचारियों द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन के गौरव को गौरांवित करने के लिए सभी का आभार जताते हुए उन्हें बधाई दी गई।

# भारतीय किसान अब नकदी के नहीं, डिजिटल भुगतान के दीवाने!



भारतीय किसानों के लिए अब नकदी का बोलबाला नहीं रहा, खुदरा स्तर पर डिजिटल भुगतान तेज़ी से बढ़ रहा है। किसान बैंक और सरकार द्वारा सब्सिडी वाले ऋण जैसे औपचारिक ऋण चैनलों की ओर भी बढ़ रहे हैं।

मैकिंसे के नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार, हालांकि किसान उपज बढ़ाने के लिए फसल बीमा और जैविक उत्पादों की खरीददारी कर रहे हैं, फिर भी वे आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के बजाय पारंपरिक खेती के तरीकों पर निर्भर हैं।

और वे खरीद यात्रा के सभी चरणों, अनुसंधान से लेकर अगली योजना बनाने तक, डिजिटल बातचीत के बारे में वैश्विक स्तर पर सर्वेक्षण किए गए उत्पादकों में सबसे कम उत्साही हैं। यह सर्वेक्षण 2024 में 4,400 उत्पादकों में मैकिंसे ग्लोबल फार्मर्स इनसाइट सर्वे के तहत 1,031 से अधिक भारतीय किसानों के साथ बातचीत के आधार पर किया गया था।कंसल्टेंसी फर्म ने 2022 में भी इसी तरह का अध्ययन किया था। अच्छी खबर यह है कि 40 प्रतिशत किसानों ने कहा कि वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान करते हैं, जबकि 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ 11 प्रतिशत था।यह वृद्धि कम लागत वाले डेटा द्वारा संचालित स्मार्टफोन और उनकी पहुंच के विस्तार और यूपीआई द्वारा सुगम बनाया गया है। इतना ही नहीं, बीमा उत्पादों को अपनाने का चलन भी बढ़ रहा है - 37 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने फसल बीमा का उपयोग किया, जबकि 2022 में यह आंकड़ा केवल 8 प्रतिशत था।

यह स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन में वृद्धि में परिलक्षित होता है। किसान औपचारिक ऋण चैनलों की ओर भी बढ़ रहे हैं - 36 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने बैंकों से ऋण लिया है, जबकि 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ 9 प्रतिशत था। और 26 प्रतिशत सब्सिडी वाले सरकारी ऋण पर निर्भर थे, जो 2022 में केवल 1 प्रतिशत था। केवल 24 प्रतिशत किसानों ने कहा कि वे अभी भी नकद भुगतान का उपयोग करते हैं, जिसमें मनी ऑर्डर, चेक और डेबिट कार्ड शामिल हैं, जबकि दो साल पहले यह आंकड़ा 81 प्रतिशत था। अधिक किसान अपनी उपज में सुधार के लिए जैविक पदार्थों को भी अपना रहे हैं - उनका उपयोग 2022 में केवल 2 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर 11 प्रतिशत हो गया है। किसानों ने कहा कि उनके उपयोग का मुख्य कारण कीटों से फसल की सुरक्षा, प्रति एकड़ लागत कम करना और उत्पादों की बेहतर समग्र दक्षता है। 53 प्रतिशत किसान फसल चक्रण जैसी टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने में मदद के लिए सरकारी सब्सिडी पर भरोसा कर रहे हैं। सरकार विभिन्न रूपों में सब्सिडी के माध्यम से सहायता प्रदान करती है - अग्रिम लागत के लिए सहायता, डेटा संग्रह पर प्रोत्साहन, कार्बन क्रेडिट के माध्यम से मुद्रीकरण, आदि।हालांकि, कुछ क्षेत्र चिंता के विषय हैं - 95 प्रतिशत किसानों ने कहा कि उन्होंने उच्च सेटअप समय, उच्च लागत, निवेश पर प्रतिफल की कोई दृश्यता और सहज डिजिटल इंटरफेस की कमी के कारण आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी को नहीं अपनाया है। भारतीय किसान ऑनलाइन खरीदने के मामले में भी दुनिया में सबसे अनिच्छुक हैं - उनकी अनिच्छा के दो मुख्य कारण यह हैं कि विक्रेता उन्हें वह ग्राहक सेवा प्रदान नहीं करते हैं जिसकी उन्हें आवश्यकता है, और दूसरा, वे ऑनलाइन लचीले भुगतान विकल्प प्राप्त नहीं कर सकते हैं जिसकी वे तलाश कर रहे हैं (42 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इन दो चुनौतियों का समर्थन किया)।

## आष्टा के अन्नपूर्णा आश्रम के संत दीपक दास बने महामंडलेश्वर, पट्टाभिषेक संपन्न



**आष्टा।** प्रयागराज महाकुंभ में गुरुवार को एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के आष्टा स्थित अन्नपूर्णा आश्रम के संत दीपक दास को महामंडलेश्वर के पद से सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय पंच तेरा त्यागी और अखिल भारतीय अनी दिगम्बर अखाड़ा की ओर से आयोजित विशेष समारोह में उनका पट्टाभिषेक किया गया, जिसमें परंपरागत चादर विधि भी संपन्न की गई। आष्टा के भोपाल-इंदौर मार्ग पर पार्वती नदी के तट पर स्थित अन्नपूर्णा आश्रम की बागडोर संत दीपक दास ने त्यागी बाबा के निधन के बाद संभाली थी। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। जैसे ही यह खबर आष्टा के लोगों तक पहुंची, शहरवासियों ने उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। यह नियुक्ति न केवल दीपक दास के लिए व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि समूचे सीहोर जिले और आष्टा के लिए गौरव का क्षण है।

# विहिप के तीन दिवसीय बैठक आज से, महाकुम्भ के दौरान जुटेंगे प्रांतो के प्रतिनिधि, कई मुद्दों पर होगी चर्चा



विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) महाकुंभ में आज से तीन दिवसीय बैठक शुरू कर रहा है, जिसमें 47 प्रांतों के प्रतिनिधि शामिल होंगे. यह बैठक वीएचपी शिविर, झूंसी में आयोजित की जाएगी.

वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग लाल बागरा ने कहा कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं-

सरकारी नियंत्रण से हिंदू मंदिरों को मुक्त करना

जनसांख्यिकीय असंतुलनवक्फ बोर्ड की अनियंत्रित शक्तियां

बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न

अयोध्या फैसले के बाद काशी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों की मुक्ति.

बैठक में वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, महासचिव मिलिंद परांडे, संयुक्त महासचिव विनायकराव देशपांडे और बजरंग दल, मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी जैसे संबद्ध निकायों के नेता भी भाग लेंगे.वीएचपी के महामंत्री श्री बजरंग लाल बागड़ा ने बताया कि प्रयाग में महाकुंभ के अवसर पर विश्व की सनातन हिंदू परंपरा के लाखों संत एकत्रित होंगे. वे सनातन की विजय सुनिश्चित करने और सनातन के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए विमर्श करेंगे और समाज का मार्गदर्शन करेंगे. बैठक में सामाजिक समरसता पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा.


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.)** Tel. Tel. No. 07565.282231

Municipal Council Berasia Dist. Bhopal (M.P.) Fa& No. 07565.282231

e-mail-cmoberasiaz@gmail.com/e-mail-mobarisia@mpurban.gov.in

कमांक/281/ राजस्व/2025 बैरसिया दिनाँक 06/02/2025

नामांतरण सूचना

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बैरसिया को निम्नलिखित सूची अनुसार नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 151 के अंतर्गत भवन / भूमि का नामांतरण किया जाना है, यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वो 30 दिवस के अन्दर कार्यालय में लिखित में सूचित करें, अन्यथा समयावधि पश्चात् कोई वाद मान्य नहीं होगा।

नामांतरण की प्रकरणों की सूची-

| क्र. | भवन/भूमि केता का नाम | भवन/भूमि विक्रेता का नाम | भवन /भूमि | भवन/भूमि स्थल का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री प्रभात कुमार पाठक आ. स्व.श्री मदनलाल पाठक | फौतीनामांरतण | आवासीय भवन | वार्ड नं. 13 मैन रोड बैरसिया |
| 2 | श्रीमति सरसस्वती जैन पत्नि स्व.श्री सुबोध कुमार जैन | फौतीनामांरतण | आवासीय भवन | वार्ड नं.08 कटरापुरा बैरसिया |
| 3 | श्रीमति सरसस्वती जैन पत्नि स्व.श्री सुबोध कुमार जैन | फौतीनामांरतण | आवासीय भवन | वार्ड नं.08 कटरापुरा बैरसिया |
| 4 | श्री शिवनारायण साहू आ. स्व.श्री बटनलाल साहू | फौतीनामांरतण | आवासीय भवन | वार्ड नं.05 टीलापुरा बैरसिया |
| 5 | श्री अ.हुसैन, ताहिर हुसैन, मुस्तफा हुसैन, मो. हुसैन पुत्रगण स्व.श्री मुल्ला कमरूदीन | फौतीनामांरतण | आवासीय भवन | वार्ड नं.09 चौपड बाजार बैरसिया |
| 6 | श्री अ.हुसैन, ताहिर हुसैन, मुस्तफा हुसैन, मो. हुसैन पुत्रगण स्व.श्री मुल्ला कमरूदीन | फौतीनामांरतण | आवासीय भवन | वार्ड नं.02 चौपड बाजार बैरसिया |
| 7 | श्री शिवनारायण अहिरवार आ. स्व.श्री चतरा अहिरवार | फौतीनामांरतण | भवन आवासीय | बैरसिया वार्ड नं.02 टीलापुरा |
| 8 | श्रीमति गायत्री बाई चौबे पत्नि स्व.श्री रमेश चौबे | फौतीनामांरतण | आवासीय भवन | वार्ड नं.17 नीलकण्ठ कालोनी बैरसिया |
| 9 | श्री राजकुमार नामदेव आ. श्री जीवन लाल नामदेव | डिवाईन डेव्हलपर्स द्वारा डारेक्टर श्री नजीब उल्लाह आ. असद उल्ला | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं.14 पार्क सिटी कालोनी बैरसिया |
| 10 | श्रीमति हरिबाई साहू पत्नि श्री सुरेश कुमार साहू | श्रीमति जाहिदा बी पत्नि श्री नसीम अहमद, नवेद खांन आ. नसीम अहमद | आवासीय भूखण्ड | वार्ड नं 14 टिकन खेडी बैरसिया |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बैरसिया**

# एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज कार्यालय पहुंचे कलेक्टर का उद्योगपतियों ने किया स्वागत

**भोपाल।** मंडीदीप शहर में एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज कार्यालय पहुंचे रायसेन जिले के नवागत कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा का उद्योगपतियों ने स्वागत किया । बैठक के दौरान उन्होंने सभी उद्योगपतियों की बातें सुनीं। उन्होंने एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा? उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन सहयोग करेगा।

## गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड ने सेबी के साथ डीआरएचपी दाखिल किया।

**मुंबई, एजेंसी।** गौडियम आईवीएफ एंड वीमेन हेल्थ लिमिटेड (गौडियम, कंपनी), जो भारत में आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) उपचार में संलग्न है और वर्षों से हब एंड स्पोक मॉडल के तहत कई राज्यों में विस्तार कर चुकी है, ने आईपीओ की तैयारी के लिए सेबी के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस इश्यू का आकार कुल 2,08,86,100 इक्विटी शेयरों का होगा, जिनका फेस वैल्यू 5 प्रति शेयर होगा। इसमें से 1,83,54,400 इक्विटी शेयर फ्रेश इश्यू के रूप में जारी किए जाएंगे और 25,31,700 इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल के रूप में पेश किए जाएंगे। गौडियम का उद्देश्य नए आईवीएफ केंद्रों की स्थापना के लिए पूंजीगत व्यय और कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए धन जुटाना है। इसके अलावा, यह अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ईकेके ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करना चाहता है, ताकि एफएमसीजी उत्पाद लॉन्च किए जा सकें और इसकी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।

## प्रीमियम प्लास्ट ने एच1 एफवाय25 में मार्जिन वृद्धि के साथ लाभप्रदता को मजबूत किया

**मुंबई।** प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड जो विविध क्षेत्रों के लिए उच्च गुणवत्ता और सटीक प्लास्टिक घटकों का एक विश्वसनीय साझेदार है, ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए अपने अनॉडिटेड वित्तीय परिणामों की रिपोर्ट दी है। मूल्यांकन पर टिप्पणी करते हुए प्रीमियम प्लास्ट लिमिटेड के श्री चेतन दवे, ने कहा,हमारी परिचालन दक्षताओं ने मजबूत इबीअईटीडीए और शुद्ध लाभ वृद्धि को बढ़ावा दिया है। हमारे सटीक इंजीनियरिंग, गुणवत्ता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करना हमारे व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद करता है। मार्जिन में सुधार हमारे खर्च प्रबंधन और मूल्य-आधारित उत्पादों की पेशकश के प्रति हमारी अनुशासित दृष्टिकोण को दर्शाता है। हम अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने और प्रमुख उद्योगों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि आने वाले क्वार्टरों में स्थिर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

## ज़हान कपूर को आईएमडीबी स्टारमीटर पुरस्कार मिला

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्मों, टीवी शो और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया का सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत आईएमडीबी ने ब्लैक वारंट स्टार ज़हान कपूर को आईएमडीबी ब्रेकआउट स्टार स्टारमीटर पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार आईएमडीबी ऐप पर प्रकाशित लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में मजबूत प्रदर्शन करने वालों को मान्यता देता है। यह सूची दुनिया भर में आईएमडीबी पर 250 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकोंके पेज व्यू को दर्शाती है, और यह उन सितारों के बारे में सटीक भविष्यवाणी करता है जो अपने करियर में एक सफल मोड़ लेने वाले हैं। कपूर,विक्रमादित्य मोटवानी की जेल ड्रामा फिल्म ब्लैक वारंट में दिल्ली की तिहाड़ जेल के पूर्व अधीक्षक सुनील कुमार गुप्ताके वास्तविक जीवन की भूमिका निभाई हैं।अपनी मनोरंजक कथा और प्रभावशाली अभिनय के लिए प्रशंसित, इस श्रृंखला ने दुनिया भर में दर्शकों को प्रभावित किया है और आईएमडीबी के ग्राहकों ने इसे 8.0/10 रेटिंग दी है।

## इंडियन आइडल में विशाल ददलानी ने की अनुराग सैकिया की तारीफ

**मुंबई, एजेंसी।** 'इंडियन आइडल' पिछले दो दशकों से संगीत प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देता आ रहा है। इस शो के आगामी एपिसोड में मशहूर संगीतकार अनुराग सैकिया की धुनों का जादू बिखरेगा, जिन्होंने अपनी खास संगीत शैली से श्रोताओं के दिलों में एक अलग पहचान बनाई है। इस विशेष एपिसोड में राजश्री प्रोडक्शंस की हिट फिल्मों के गानों पर प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक सूरज आर. बड़जात्या ने भी अपनी उपस्थिति से शो की शोभा बढ़ाई। वे जल्द ही सोनी लिव पर 'बड़ा नाम करेंगे' के जरिए ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। उनके साथ इस खास मौके पर अभिनेत्री आयशा कादुस्कर, अभिनेता ऋतिक घनशानी, निर्देशक पलाश वासवानी और संगीतकार अनुराग सैकिया भी नजर आएंगे। इंडियन आइडल के जज और लोकप्रिय संगीतकार विशाल ददलानी, अनुराग सैकिया के संगीत की तारीफ किए बिना नहीं रह सके।

कच्चे तेल की कीमतें पिछले एक वर्ष के न्यूनतम स्तर के करीब

# कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट, भारत के लिए बेहतर संकेत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रूड बाजार में वैश्विक अनिश्चितता का पूरा असर साफ दिख रहा है। ईरान और रूस के तेल निर्यात को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर वैश्विक बाजार में अमेरिकी क्रूड के बाजार को बढ़ावा देने में जुटे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशों के दूरगामी असर को लेकर अलग-अलग कयास लगाये जा रहे हैं। लेकिन ताजा स्थिति यह है कि कच्चे तेल की कीमतें पिछले एक वर्ष के न्यूनतम स्तर के करीब (73 डॉलर प्रति बैरल) पहुंच गई है। अरएज की तरफ से गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में अगले छह महीने तक कच्चे तेल की कीमतें 75-80 डॉलर प्रति बैरल रहने के आसार है। इसे भारत के लिए कई तरह से बेहतर बताया गया है। यह स्तर डॉलर के मुकाबले रुपये की लगातार होती कीमत के भारत की इकोनॉमी पर होने वाले नकारात्मक असर कम करेगा। सरकारी तेल कंपनियों के मार्जिन (मुनाफे) को बढ़ाएगा। लेकिन इसका आसार कम ही है कि सरकारी तेल कंपनियां आम जनता के लिए पेट्रोल डीजल की खुदरा कीमतों में भी कमी करेंगी।सरकार के आंकड़े भी बता रहे हैं कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आई है। फरवरी माह के पहले पांच दिन भारतीय कंपनियों ने औसतन 77.77 डॉलर प्रति बैरल की दर से क्रूड की खरीद की है। जनवरी, 2025 में यह औसत कीमत 80.2 डॉलर प्रति बैरल की थी। सितंबर से दिसंबर, 2024 के दौरान ने भारत ने क्रूड खरीद के लिए औसतन 73.69 डॉलर, 75.12 डॉलर, 73.02 डॉलर और 73.02 डॉलर प्रति बैरल का भुगतान किया है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत बड़ी गिरावट के साथ 72 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे आ गई थी जिसे एक वर्ष का न्यूनतम स्तर बताया गया है। यह स्तर अमेरिका की नई सरकार की तरफ से कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने और चीन, मैक्सिको, कनाडा के साथ कारोबारी युद्ध की शुरुआत होने के बाद गया है।

# बजट 2025 का विश्लेषण और छात्रों को बजट का महत्व बताया

## सेज यूनिवर्सिटी में किया कार्यशाला का आयोजन



**भोपाल।** मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में सेज यूनिवर्सिटी के चांसलर संजीव अग्रवाल के सफल मार्गदर्शन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स के लिए बजट 2025 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीएमए के ट्रेनर एवं अर्थ विशेषज्ञ शंकर कृष्णन, रिटायर्ड सिनियर मैनेजर, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बजट 2025 का गहन विश्लेषण किया गया। साथ ही उन्होंने बजट की आवश्यकता, महत्वपूर्णता एवं उसका आर्थिक स्थिरता में योगदान पर भी विश्लेषण किया। कार्यशाला का प्रारम्भ यूनिवर्सिटी के प्रो. वाइस चांसलर डॉ. अंकुर सक्सेना के उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने स्टूडेंट्स एवं एजुकेशन में बजट के प्रभावों का विश्लेषण किया। बीएमए के मैनेजर श्री आमिर खान ने भी स्टूडेंट्स से बीएमए की गतिविधियों की चर्चा की। कार्यशाला में 100 स्टूडेंट्स ने सहभागिता की प्रो. डॉ राजीव जैन ने बजट चर्चा का संचालन किया

# महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी के सभी 9 वेरिएंट्स की बुकिंग 14 फरवरी से शुरू होगी




**मुंबई, एजेंसी।** महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी अपनी विश्वस्तरीय खूबियों के साथ एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रही हैं, जो भारत के लिए अनलिमिटइंडिया गौरव का क्षण बन गया है। ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए, महिंद्रा ने एक्सईवी9ई और बीई 6 के सभी वेरिएंट्स की बुकिंग 14 फरवरी 2025, सुबह 9 बजे से खोलने की घोषणा की है। मांग को पूरा करने के लिए एक संरचित उत्पादन विस्तार योजना लागू की जा रही है, जिसमें प्रत्येक वेरिएंट की डिलीवरी समय-सीमा साझा की गई है।

# देव आईटी लिमिटेड को अग्रणी यूएसए एंटरप्राइज से दो साइबर सुरक्षा अनुबंध प्राप्त हुए

**मुंबई, एजेंसी।** देव इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड एक वैश्विक आईटी और आईटीईएस कंपनी जो क्लाउड सेवाएं, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, एंटरप्राइज एप्लीकेशन और मैनेज्ड आईटी सेवाएं प्रदान करती है, ने एक मौजूदा यूएसए-आधारित एंटरप्राइज ग्राहक से दो महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा ऑर्डर हासिल करने की घोषणा की है। ये अनुबंध कंपनी को वार्षिक रूप से 250,000 अमेरिकी डॉलर (92 करोड़) का राजस्व प्रदान करेंगे। देव आईटी कंप्लायंस गाइडेंस - ग्राहकों को आईएसओ, हिपा और जीडीपीआर मानकों को पूरा करने में मदद करना, और 24×7 मैनेज्ड एसओसी सेवाएं - कॉर्टेक्स और एज़्योर सेंटिनल का उपयोग करके निरंतर खतरे की निगरानी प्रदान करेगी। देव आईटी की रणनीतिक बहु-स्तरीय संबंध प्रबंधन प्रणाली, विशेष रूप से ग्राहक के नए नेतृत्व के साथ, ने उन्हें ये महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा अनुबंध दिलाए हैं। उनकी उच्च-गुणवत्ता वाले समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता इस सफलता की कुंजी रही है और इन सेवाओं को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने के लिए उनके आत्मविश्वास को मजबूत करती है।

# देश की बड़ी फूड डिलीवरी कम्पनी ने कॉरपोरेट नाम आधिकारिक तौर पर बदला




**मुंबई।** फूड-डिलीवरी कम्पनी Zomato ने अपने कॉरपोरेट नाम को आधिकारिक तौर पर Eternal Ltd में बदल दिया है, ऐसा कंपनी ने गुरुवार को एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा। यह रीब्रांडिंग कंपनी की प्रमुख फूड डिलीवरी सेवा से परे व्यापक व्यापार दायरे को दर्शाती है। जब हमने Blinkit का अधिग्रहण किया, तो हमने Eternal का आंतरिक रूप से उपयोग करना शुरू किया ताकि कंपनी और ब्रांड/ऐप के बीच अंतर किया जा सके। हमने यह भी सोचा कि जब Zomato से परे कुछ भी हमारे भविष्य का एक महत्वपूर्ण प्रेरक बन जाए, तो हम सार्वजनिक रूप से कंपनी का नाम Eternal रख देंगे। आज, Blinkit के साथ, मुझे लगता है कि हम वहां हैं, Zomato के समूह सीईओ और सह-संस्थापक दीपिंदर गोयल ने बीएसई को एक पत्र में कहा। जबकिZomato ऐप अपना नाम बनाए रखेगा, कंपनी के स्टॉक टिकर को Zomato से Eternal में अपडेट किया जाएगा।

### रीब्रांडेड Eternal Ltd अब चार प्रमुख व्यवसायों की देखरेख करेगा

1. Zomato : फूड डिलीवरी और रेस्तरां खोज
2. Blinkit : क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म
3. Hyperpure : रेस्तरां के लिए बी2बी आपूर्ति
4. District : लॉजिस्टिक्स बिजनेस

नाम बदलने की संभावना के बारे में रिपोर्ट सबसे पहले 2022 में सामने आई, लेकिन गोयल ने उस समय उन्हें खारिज कर दिया था, यह कहते हुए कि Eternal केवल एक आंतरिक पहचान थी। Blinkit के प्रमुख विकास ड्राइवर बनने के साथ, कंपनी ने अब रीब्रांडिंग को औपचारिक रूप दे दिया है।

# इंदौर के वरुण और बबिता ने शार्क टैंक में जीती 1.75 करोड़ की डील



**इंदौर, एजेंसी।** अगर संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती, अगर हम कुछ नया करने का साहस रखते हैं और अपने विश्वास पर टिके रहते हैं, तो सफलता जरूर मिलती हैं। इस बात को सही साबित करते हुए इंदौर के वरुण और बबीता रहेजा ने शार्क टैंक सीजन-4 में अपने अनूठे और सस्टेनेबल बिज़नेस आइडिया के दम पर 1.75 करोड़ रुपये की डील 7 प्रतिशत इक्विटी पर हासिल कर ली है। मां - बेटे की इस जोड़ी ने अपने स्टार्टअप रहेजा सोलर फूड प्रोसेसिंग ग्रुप के सोलर ड्रायर तकनीक को प्रस्तुत किया, जो किसानों के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

शार्क विनीता सिंह, पियूष बंसल और कुणाल बहल ने इस इनोवेटिव बिज़नेस मॉडल को सराहा और इसे सपोर्ट करने का निर्णय लिया। इस स्टार्टअप का प्रमुख उद्देश्य किसानों को उनके उत्पादन का अधिकतम लाभ दिलाना है और खाद्य संरक्षण की एक पारंपरिक तकनीक को नए स्तर पर ले जाना है।

# महाकुम्भ में विहिप की तीन दिवसीय बैठक आज से, 47 प्रांतों के प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद शुक्रवार से महाकुंभ में तीन दिवसीय बैठक शुरू करने जा रहा है. ये बैठक झूंसी में वीएचपी शिविर में शुरू होगी. शिविर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग लाल बागरा ने कहा कि बैठक में हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से हटाने, जनसांख्यिकीय असंतुलन और वक्फ बोर्ड की अनियंत्रित और व्यापक शक्तियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न और अयोध्या फैसले के बाद काशी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों की मुक्ति पर भी चर्चा करेंगे. बैठक में भारत भर के साथ-साथ विदेशों से वीएचपी के 47 प्रांतों के प्रतिनिधि भाग लेंगे. मुख्य सहभागी वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, महासचिव मिलिंद परांडे, संयुक्त महासचिव विनायकराव देशपांडे और बजरंग दल, मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी जैसे संबद्ध निकायों के नेता होंगे। गुरुवार को महाकुंभ की आध्यात्मिक भव्यता से आकर्षित होकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक ग्रुप प्रयागराज पहुंचा और संगम में पवित्र डुबकी लगाकर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. यूपी सूचना विभाग के अनुसार, श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के पवित्र संगम पर अनुष्ठान किए और अपने पूर्वजों के लिए प्रार्थना की।

# हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को एनएचएआई से 67.16 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मिला

**मुंबई, एजेंसी।** हज़ूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड जो इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्टिंग सेवाओं में अग्रणी है, ने घोषणा की है कि कंपनी को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस प्राप्त हुआ है। यह प्रोजेक्ट कर्नाटक राज्य में नेशनल हाइवे 648 के डोबासपेट से डोडाबल्लापुर बाईपास सेक्शन के किमी 0.00 से किमी 42.00 तक चार-लेन के उपयोग के लिए हुलिकुंटे फी प्लाजा पर च.12.300 पर यूजर फी संग्रह एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए प्रदान किया गया है। इस प्रोजेक्ट का मूल्य 67.16 करोड़ रुपये है। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने स्क्वायर पोर्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड के साथ विलय के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य दोनों व्यवसायों की ताकत और सिनर्जी को मिलाकर सभी हितधारकों के बेहतर हित में काम करना है।


## ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड और वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**मुंबई, एजेंसी।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड (बीसीएस) जो अत्याधुनिक एआईओटी समाधानों की अग्रणी प्रदाता है, ने विजयवाड़ा स्थित वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (मानित विश्वविद्यालय) के साथ एक समझौता ज्ञापन (रूश्व) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उद्योग और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को मजबूत करना और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है। इस सहयोग के तहत डिजिटल फॉरेंसिक्स और साइबर सुरक्षा लैब की स्थापना की जाएगी। यह समझौता बीसीएसएस की अध्यक्ष सुश्री जानकी यारलगड्डा और वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के कुलपति प्रोफेसर परुचुरी वेंकटेश्वर राव के बीच हुआ। यह सहयोग सैद्धांतिक शिक्षा और व्यावहारिक उद्योग अनुभव के बीच की खाई को पाटने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते के तहत, दोनों संस्थान विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग करेंगे।

## सोनी लिव पर जल्द आ रहा है 'गेटवे टू शार्क टैंक - दिव्यांग स्पेशल', जीत अदाणी के साथ एक अनूठी पहल!

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव एक खास एपिसोड'गेटवे टू शार्क टैंक- दिव्यांग स्पेशल'लेकर आ रहा है, जो समावेशन को बढ़ावा देने और बाधाओं को दूर करने की दिशा में एक अहम पहल है। इस एपिसोड का मकसद दिव्यांगों या उनके लिए काम कर रहे इनोवेटर्स और उद्यमियों को एक बड़ा मंच देना है, जहां वे अपने अनूठे विचारों और समाधानों को प्रस्तुत कर सकें। इस विशेष एपिसोड में ऐसे इनोवेटिव आइडियाज शामिल होंगे, जो दिव्यांगों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसमें अदाणी एयरपोर्ट्स के डायरेक्टरजीत अदाणीका भी सहयोग मिलेगा। वे अदाणी ग्रुप में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ-साथ डिफेंस, पेट्रोकेमिकल्स और कॉपर व्यवसाय को भी देखते हैं।

# ओला इलेक्ट्रिक ने ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स सीरीज़ के साथ मोटरसाईकल सेगमेंट में हलचल मचाई




**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज अपनी रोडस्टर एक्स सीरीज़ के साथ इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल सेगमेंट में प्रवेश किया। ये मोटरसाईकल बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ राईडिंग का रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं। कंपनी के स्केलेबल मोटरसाईकल प्लेटफॉर्म पर बनाई गई रोडस्टर एक्स सीरीज़ में रोडस्टर एक्स को 74,999 रुपये, 4.5किलोवाट रोडस्टर एक्स.को 1,04,999रुपये और 9.1किलोवाट रोडस्टर एक्स. को 1,54,999रुपये में बाजार में उतारा गया है। ये हर चार्ज में 501 किलोमीटर की बेहतरीन रेंज प्रदान करती हैं ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स 2.5किलोवाट, 3.5किलोवाट और 4.5किलोवाट वैरिएंट्स में क्रमशः 74,999रुपये, 84,999रुपये और 94,999रुपये में पेश किया गया है। रोडस्टर सीरीज़ में 3 साल/50,000 किलोमीटर की स्टैंडर्ड वॉरंटी मिलती है। रोडस्टर सीरीज़ की डिलीवरी मार्च के मध्य से शुरू होगी। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा भारत में मोबिलिटी के लिए मोटरसाईकल सबसे अहम भूमिका रखती हैं हमारी इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल भारत में मोबिलिटी को इलेक्ट्रिक बनाने की मुहिम को और ज्यादा तेज करेंगी। स्कूटर बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ाने के बाद हम अपनी रोडस्टर सीरीज़ की मोटरसाईकल लेकर आए हैं जो इलेक्ट्रिक वाहनों की मुहिम को और ज्यादा तेजी से आगे बढ़ाएंगी और इलेक्ट्रिक वाहन को भारत में हर राईडर की पसंद बना देंगी। रोडस्टर सीरीज़ शहरों और गाँवों, दोनों जगह मोबिलिटी में परिवर्तन ला देंगी, जो हमारे एंड आइस ऐज के उद्देश्य के अनुरूप है। ये मोटरसाईकल बेहतरीन रेंज, परफॉर्मेंस, विश्वसनीयता, एफिशियंसी, और टेक्नोलॉजी प्रदान करती हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का इससे उपयुक्त समय कोई और नहीं हो सकता है।'' रोडस्टर सीरीज़ इनोवेशन और बेहतरीन इंजीनियरिंग के साथ कंपैक्ट डिज़ाईन और एक मॉड्युलर प्लेटफॉर्म के साथ पेश की गई है, जो राईडिंग की हर परिस्थिति में शानदार परफॉर्मेंस, एफिशियंसी और विश्वसनीयता प्रदान करती है। ये मोटरसाईकल मिड-ड्राईव मोटर के साथ आती हैं।, जिससे परफॉर्मेंस और सुरक्षा बढ़ती है। रोडस्टर सीरीज़ के पॉवरट्रेन में एक चेन ड्राईव और एक इंटीग्रेटेड एमसीयू दिया गया है, जो शक्तिशाली टॉर्क ट्रांसफर के साथ बेहतर एक्सेलेरेशन और बेहतर रेंज प्रदान करता है, जिससे इसका खर्च काफी कम हो जाता है। कंपनी अपनी रोडस्टर सीरीज़ के साथ मोटरसाईकल में पहली बार फ्लैट केबल लेकर आ रही है। ये केबल पैकेजिंग की एफिशियंसी बढ़ाते हैं।

## हॉकी प्रतियोगिता प्रारंभ.... उद्घाटन मैच में ब्रदर्स क्लब विजयी



छिंदवाड़ा। जिला हॉकी संघ द्वाराआयोजित जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस ग्राउंड में हॉकी संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिला हॉकी संघ के सचिव सारिक सिद्दीकी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्लबों की टीमें भाग ले रही है यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति से कराई जा रही है ।आज अली स्टार विरुद्ध ब्रदर्स क्लब के बीच मे खेला गया जिसमें ब्रेदस क्लब 2-0 से विजेता रहा दोनों गोल अमन खान के द्वारा किया गया।इस प्रतियोगिता में निष्पक्षता हेतु जबलपुर के राष्ट्रीय स्तर के अम्पायर ओम निगम व विशु मैथिल अपनी सेवाएं दे रहे हैं ।दिनाँक 7 फरवरी को दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच यूनाइटेड विरुद्ध क्रिस्चियन क्लब एवं दूसरा मैच फ्रेण्ड्स क्लब विरुद्ध ब्रदर्स क्लब के बीच खेला जाएगा । कार्यक्रम में विशेष रूप से अंतराष्ट्रीय खिलाडी रविकान्त अहिरवार ,नवेद खान, हॉकी संघ उपाध्यक्ष जावेद खान ,राशिद खान, नईम खान , सिराज खान,फरदीन अली, शेख शकील व इमरान सिद्दीकी सहित हॉकी संघ के पदाधिकारि ,हॉकी क्लबो के खिलाड़ी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया ।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर नाटक सावधान का मंचन



छिंदवाड़ा। प्रतिभा परख नाट्य मंच शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान द्वारा छिंदवाड़ा में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर डॉ.पवन नेमा के निर्देशन में नाटक सावधान का मंचन एक निजी स्कूल में आयोजित किया गया जिसका लेखन एवं सह निर्देशन प्रवीण चौरागड़े ने किया। समाज सेवी विनोद तिवारी ने बताया कि नाटक का उद्येश्य असुरक्षित इंटरनेट के खिलाफ युवाओं को जागरूक करना है एवं अत्यधिक इंटरनेट उपयोग से उन्हें छुटकारा दिलाने के लिये जागरूकता फैलानी है। नाटक में अभिनय डॉ.पवन नेमा, प्रवीण चौरागड़े, धीरज डेहरिया,आयुष सिंह परमार, प्रवीण बांधे, शिवांग भारद्वाज ने किया। निजी स्कूल छिंदवाडा द्वारा प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और नाटक को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

## सांसद की पहल पर होगा कैंसर मरीज का इलाज

छिंदवाड़ा। सांसद ने एक जरूरतमंद मरीज को 45 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद की पहल पर वार्ड नं. 27 बरारीपुरा निवासी प्रफुल्ल पिता प्रभाकर कस्तुरे जो कि कैंसर की बिमारी से पीड़ित है उनका इलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि रुपये के अभाव में प्रफुल्ल का ईलाज नहीं हो पा रहा था। जिसे लेकर उन्होंने गत दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को आर्थिक सहायता दिलाने कि मांग की थी। सांसद के प्रयास से सहायता मिलने पर गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा।

## सियार ने दो ग्रामीणों पर किया हमला,दोनों छिंदवाड़ा रेफर

**अमरवाड़ा।** पूर्व वनमण्डल अमरवाड़ा अंतर्गत चिमुआ ग्राम के दो ग्रामीणों पर शाम के समय सियार ने हमला कर दिया। जिससे दोनों ग्रामीणों को सिविल अस्पताल में औपचारिक इलाज के बाद छिंदवाड़ा रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुरेश डेहरिया उम्र 55 साल ,सुधीर भारती उम्र 28 साल घर के पीछे कुछ काम कर रहे थे तभी सियार ने हमला कर दिया जबकि बाजू के सुधीर पर भी जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही दो मवेशियों पर भी हमला करते ही सभी ग्रामीण एकजुट हो गए और सियार को जंगल की ओर खदेड़ा गया। ग्रामीणों में डरक माहौल है।

## अवैध कॉलोनाईजर के विरूद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करने आदेश पारित

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर न्यायालय छिंदवाड़ा द्वारा पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत अवैध कॉलोनाईजर अनिल परतेती, विनोद परतेती, विमला परतेती पिता सूबेलाल, सियाबाई बेवा सूबेलाल निवासी गांगीवाड़ा तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा ग्राम गांगीवाड़ा तहसील एवं जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 391/1/1 में, छिद्दीलाल पिता माखनलाल इवनाती निवासी गांगीवाड़ा तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा ग्राम गांगीवाड़ा तहसील एवं जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 351/ 1/1/ 1/2/1/1 में, लेखराम पिता दादूराम निवासी गुरैया तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा ग्राम गुरैया तहसील एवं जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 404/ 5/1/ 1/1/1/1/1/1 में, नितेश पिता कुबेर डेहरिया, नेमीचंद पिता बालकराम वर्मा निवासी गांगीवाड़ा तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा ग्राम गुरैया तहसील एवं जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 207/13/ 1/1/1/1/1/1/1, 207/13/2/2 में, प्रभाकर, कमलाकर पिता सिरपतराव निवासी खूनाझिरकला तहसील मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा द्वारा ग्राम ईकलबिहरी तहसील मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 166/2/1/1/1/1/2/3 में, दीपू पिता रग्घू बंदेवार निवासी परासिया तहसील परासिया जिला छिन्दवाड़ा द्वारा ग्राम देवर्धा तहसील मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 40/1/1/1/1/1/1/1 में एवं मोहित पिता मानकलाल निवासी छिन्दवाड़ा तहसील व जिला छिन्दवाड़ा द्वारा ग्राम लिंगा तहसील मोहखेड़ जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 87/ 2/ 1/1/1/1/1/1/1 पर अवैध व्यपवर्तन तथा अवैध कॉलोनी का निर्माण किये जाने के कारण अवैध कॉलोनाईजर के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया।

## एनएसयूआई ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा।** जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अजय ठाकुर, समर्थ मैद व रेशमा खान ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। ज्ञापन में उल्लेख किया कि तामिया के शासकीय महाविद्यालय में शासकीय प्राध्यापक के पद पर पदस्थ विजय सिंह सिरयाम को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यकारिणी में सम्मिलित कर पदभार दिया गया है।

# भोपाल में होगा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के किसानों का सम्मान







भोपाल । फार्म एन फूड दिल्ली प्रेस, नई दिल्ली से प्रकाशित होने वाली हिंदी की कृषि मासिक पत्रिका है, जिसका प्रकाशन साल 2008 से निरंतर किया जा रहा है. दिल्ली प्रेस से सरिता, गृहशोभा, मुक्ता, चंपक, सरस सलिल, मनोहर कहानियां, सत्यकथा जैसी 30 पत्रिकाएं 9 भाषाओं में प्रकाशित होती हैं.

फार्म एन फूड द्वारा दूसरी बार बड़े लेवल पर राय स्तरीय फार्म एन फूड कृषि सम्मान अवार्ड का आयोजन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित रवींद्र भवन में 28 फरवरी, 2025 को किया जाएगा. इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के 150 से यादा किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के शामिल होने का अनुमान है और खेती में नवाचार और तकनीकी के जरीए बदलाव लाने वाले तकरीबन 30 किसानों को राय स्तरीय फार्म एन फूड कृषि सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा.

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, किसान कल्याण एवं कृषि मंत्री (मध्य प्रदेश सरकार) श्री एदल सिंह कंसाना गौतम टेटवाल कौशल विकास मंत्री लखन पटेल पशुपालन मंत्री को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है.

इस सम्मान समारोह में पुरस्कृत किसानों के साथसाथ कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों और अन्य कृषि संस्थानों के वैज्ञानिक, अन्य शासकीय और प्रशासनिक अधिकारी और जूरी सदस्य भी उपस्थित रहेंगे.

याद रहे कि इससे पूर्व 17 अक्टूबर, 2024 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के किसानों के लिए बनाई गई कृषि क्षेत्र की 13 कैटेगिरी में फार्म एन फूड कृषि सम्मान अवार्ड का सफल आयोजन किया जा चुका है, जिसमें उत्तर प्रदेश के कृषि राय मंत्री/उद्यान मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे थे.

# कलेक्टर ने राजस्व वसूली में नगरीय निकायों द्वारा की गई वृद्धि पर की सराहना



छिन्दवाडा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले के नगरीय निकायों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी नगरीय निकायों के प्रमुख मुद्दों और योजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। इनमें निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और सी.एम. हेल्पलाइन जैसे प्रमुख बिंदु शामिल थे। बैठक में आयुक्त नगर निगम छिंदवाड़ा सी.पी. राय, नगर निगम छिंदवाड़ा के कार्यपालन यंत्री श्री ईश्वर चंदेली, सभी निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी और उपयंत्री उपस्थित रहे।

### राजस्व वसूली पर की सराहना

राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने जनवरी माह में सभी नगरीय निकायों के बेहतर प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस महीने राजस्व वसूली में वृद्धि दर्ज की गई है, जो सराहनीय है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी तरह सख्ती से राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की जैसी सख्त कार्रवाई करने के भी आदेश दिए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में पिछली बैठक में तय किए गए लक्ष्य को प्राप्त न करने वाले नगरीय निकायों पर नाराजगी व्यक्त की। नगर परिषद हर्रई, चांदामेटा और जुन्नारदेव के सीएमओ को लक्ष्य पूरा न करने पर वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जब तक संबंधित सीएमओ 90त्न लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते तब तक उनका वेतन जारी नहीं किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्य को प्राथमिकता देने और पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

### सी एम ओ जनता एवं पदाधिकारियों के फोन नहीं उठाती 26 जनवरी को इन्हें अच्छे कार्य के लिए पुरूस्कृत किया गया

कलेक्टर द्वारा नगरीय निकायों के सीएमओ की बैठक ली गई जिले के अधिकांश सीएमओ पर आरोप है कि वे पदाधिकारियों एवं जनता के फोन नहीं उठाते और न ही काल बैक करते है, सीएमओ कहां है इसका पता भी परिषद को नहीं रहता। दमुआ की नगर पालिका अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सीएमओ पूजा बुनकर हमारे फोन नहीं उठाती और न ही कॉल बैक नहीं करती और मिटिंग में कहा पर रहती है इसकी भी जानकारी हमें नहीं रहती। वे कार्यालय कब आती है कब जाती है इसकी जानकारी भी दफ्तर वालों को नहीं रहती। सुश्री पूजा बुनकर जहां-जहां रही वहां विवादस्पद रही हैं और इनकी सभी जगह जांचे चल रही है। पिछले दिनों अच्छे कार्य के लिए 25 जनवरी को जिला प्रशासन ने इन्हें पुरूस्कृत भी किया।

# भारत के विज़ुअल सॉल्यूशंस मार्केट में बदलाव लाने के उद्देश्य से शार्प बिज़नेस सिस्टम्स ( इंडिया ) ने किया एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस का अधिग्रहण

**छिंदवाड़ा।** भारत के डिस्प्ले टेक्नोलॉजी क्षेत्र को नई दिशा देने की अपनी योजना के तहत, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस का अधिग्रहण किया है। इस कदम से शार्प के विज़ुअल सॉल्यूशंस पोर्टफोलियो में काफी विस्तार होगा, जो भारत के तेजी से बढ़ते डिस्प्ले बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करेगा। यह अधिग्रहण रिटेल, शिक्षा, एविएशन, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर और स्मार्ट सिटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाने में मदद करेगा।

यह साझेदारी दर्शाती है कि शार्प नवाचार के मामले में अग्रणी स्थान पर है, और भारत के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन को गति देने और बेमिसाल मूल्य प्रदान करने के लिए तैयार है। एनईसी डिस्प्ले बिजनेस के साथ मिलकर, शार्प अब बी2बी और विशेष बाजारों में प्रभावी तरीके से सेवाएँ देने में सक्षम है, जिससे भारतीय ग्राहकों को कस्टमाइज्ड समाधान, बेहतरीन कस्टमर सपोर्ट और डिस्प्ले टेक्नोलॉजीस की पूरी रेंज मिल सकेगी। शार्प उन इंडस्ट्रीज़ को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ 24/7 संचालन जरूरी हैं, जैसे कि मैन्युफैक्चरिंग, कंट्रोल सेंटर्स और एयरपोर्ट्स। यह मर्जर शार्प को अपने साझेदार क्षेत्र का और विस्तारित करने का अवसर देता है, जिससे नए क्षेत्रों में विकास के अवसर खुलते हैं और भारत में डिजिटल विकास में कंपनी की नेतृत्व की स्थिति और मजबूत होती है।

वर्तमान में शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) %स्मार्ट बिजनेस सॉल्यूशंस% वर्टिकल के तहत डिजिटल मल्टीफंक्शनल प्रिंटर्स, इंटरएक्टिव व्हाइट बोर्ड्स और डायनाबुक लैपटॉप्स जैसे प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है; लेकिन एनईसी डिस्प्ले बिजनेस के साथ मर्जर के बाद, यह अपनी मौजूदा पेशकशों को और भी बेहतर बना रहा है, और इसमें बड़े आकार के डिस्प्ले, वीडियो वॉल्स, प्रोजेक्टर्स, डायरेक्ट-व्यू एलईडी और सिनेमा प्रोजेक्टर्स को शामिल कर रहा है। यह विस्तार न सिर्फ शार्प की इंटरएक्टिव डिस्प्ले में प्रसिद्ध विशेषज्ञता को बढ़ाता है, बल्कि ग्राहकों को हाई-परफॉर्मेंस सॉल्यूशंस की एक पूरी श्रृंखला प्रदान करता है, जो विभिन्न इंडस्ट्रीज़ की जरूरतों से बेहतरी से मेल खाती है। इसके अलावा, यह अधिग्रहण शार्प और एनईसी के मौजूदा भागीदारों के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि इससे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और भी समृद्ध हो रहा है।

ओसामु नारिता, मैनेजिंग डायरेक्टर, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, भारत में एनईसी डिस्प्ले बिजनेस के अधिग्रहण से हमें भारत के विज़ुअल सॉल्यूशंस बाजार में नवाचार की शुरुआत करने में मदद मिलेगी। एनईसी की विश्व स्तर की टेक्नोलॉजीस को शार्प के इनोवेटिव डिस्प्ले के साथ मिलाकर, हम कस्टमाइज्ड, हाई-परफॉर्मेंस डिस्प्ले सॉल्यूशंस की बढ़ती माँग की आपूर्ति करने के लिए तैयार हैं। यह मर्जर हमारे प्रोडक्ट्स की पेशकश में इजाफा करने के साथ ही, हमारे ग्राहकों को बेहतरीन सेवा और सहायता प्रदान करने की हमारी क्षमता को मजबूत करता है। हम विभिन्न इंडस्ट्रीज़ की विशिष्ट जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज्ड सॉल्यूशंस विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हमारे ग्राहक अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और विश्वसनीयता का पूरा लाभ उठा सकें।

पुनीत मल्हान, जनरल मैनेजर, डिस्प्ले बिजनेस, शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, ने कहा, हम भारत के बाजार में शार्प और एनईसी की दोगुनी शक्ति को पेश करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह अधिग्रहण हमें एक अधिक गतिशील और विविध प्रोडक्ट पोर्टफोलियो पेश करने में सक्षम बनाता है, जिससे नवाचार को बढ़ावा मिलता है और हमारे ग्राहकों का हम पर भरोसा और भी मजबूत होता है। हमें शहरी और उभरते क्षेत्रों में विकास की जबरदस्त संभावना दिखाई देती है, जो भारत के डिजिटल परिवर्तन और वर्ष 2047 के विज़न के साथ पूरी तरह मेल खाती है।

# उत्पादक किसानो तथा व्यापारी के बीच समन्वय एवं गतिविधियों की जानकारी दी

## सृजन संस्था के माध्यम से बायर सेलर मीटिंग



**छिंदवाड़ा।** सृजन संस्था के माध्यम से बायर सेलर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें महिन्द्रा एंड महिन्द्रा की (प्रेरणा क्रॉप डायवर्सिफिकेशन) प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले के चौरई ब्लॉक के 550 किसानो के साथ सब्जी एवं सरसो पर गतिविधियां संचालित की जा रही है टीम लीडर संदीप भुजेल ने बताया कि इसी कड़ी मे लीड फार्मर्स के साथ बायर सेलर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे सब्जी उत्पादक किसान एवं व्यापारी तथा कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) के निरीक्षक एस डी अहिरवार एवं कृषि विभाग आत्मा से जिला परियोजना संचालक प्राची कौतुक एवं मंडी व्यापारीयों के साथ कोफे एफपीओ से कनिजा कुरेशी एवं फेडरेशन से सरला यदुवंशी तथा सब्जी अनाज आदि खरीदी बिक्री पर संवाद करवाया गया आयोजन में सृजन से जितेंद्र सिंह चौहान, रामभजन डेहरिया का सहयोग रहा इस दौरान सृजन से रामभजन डेहरिया ने उत्पादक किसानो तथा व्यापारी के बीच समन्वय के बारे में तथा गतिविधियों की जानकारी दिये इसका उद्देश्य बायर एवं सेलर के बीच संवाद से खरीदी बिक्री को सुलभ बनाना रहा किसानो ने अनुभव बताते हुए कहा कि इस परियोजना से नई तकनीक से जुड़कर सब्जी से किसानो की आय बढ़ी है इस दौरान सृजन से शिवानी तेकाम, महेंद्र इनवाती, रुखमणि वर्मा, परवीन मंसूरी, चांदनी सनोडिया उपस्थित रहे।

# तरूणाई की पानी पहल धरती को पानी लौटाओं अभियान

## पांच दिवसीय श्रमदान कार्यक्रम का हुआ समापन

**छिंदवाड़ा ।** तरूणाई की पानी पहल धरती को पानी लौटाओं अभियान के अंतर्गत पांच दिवसीय श्रमदान कार्यक्रम और टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पूर्व विधायक नत्थनशाह कवरेती के हाथों पुरस्कार वितरण कर संपन्न हुआ। दीघावानी भुजलिया



नाला स्थित चेक डेम के पुनर्जीवन का कार्य श्रमदान के माध्यम से तरूणाई के युवा साथियों ने किया। इस कार्य में 40 ट्रॉली खाद श्रमदान के व्दारा निकाल कर खेतों में भेजी गई जो कि खेतों के लिये उर्वरक का कार्य करती है। अभिनव प्रयोग के रूप में अधिक से अधिक युवा साथियों को जोडने के उद्देश्य से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खास बात यह थी कि सभी क्रिकेट टीमों को दो घंटे श्रमदान करना आवश्यक था और खेलने के लिये अन्य किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नही रखा गया था। तरूणाई टीम के सक्रिय सदस्य एवं आयोजक राकेश सतवई व्दारा बताया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर विक्रम आहाके व्दारा श्रमदान कर किया गया साथ ही महापौर इलेवन और पीएचई इलेवन इन दो टीमों के बीच रोचक मैच के माध्यम से खेल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। प्रतिदिन चार टीमों व्दारा श्रमदान कर क्रिकेट खेला गया। क्रिकेट का फायनल मैच छिंदा एवं ढाला की टीमों के बीच खेला गया जिसमें छिंदा की टीम विजेता रही। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ओ पी जोशी, डॉ राजेंद्र यादव, संजीव भावरकर, संजय साहू, धर्मेंद्र डोगरा, रवि प्रसाद बर्मन, दीपक गेडाम, अखिलेश जैन इत्यादि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समापन अवसर पर ज्ञानोदय विद्यालय के विद्यार्थियों, तरूणाई टीम तथा नव परिवर्तन सामाजिक संघ के साथियों व्दारा मानव श्रृंखला के माध्यम से पानी पहल शब्द तैयार किया गया जिसकी स्थानीय लोगों व्दारा काफी प्रशंसा की गई। नवपरिवर्तन सामाजिक संघ एवं तरूणाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस पानी पहल में सभी टीमों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई और एक मैच महिला टीमों के बीच भी आयोजित किया गया। संपूर्ण आयोजन में कही भी प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग नही किया गया। जहां एक ओर खेल मैदान की और प्रतियोगिता संपन्न कराने का दायित्व श्री विशाल सिंधिया ने पूरा किया तो दूसरी ओर श्रमदान की संपूर्ण व्यवस्था तथा साहित्य की उपलब्धता का कार्य श्री अखलेश कुमार कोटारवंशी व्दारा संभाला गया। इस अवसर पर महान व्यक्तियों के



चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसे श्री अमित बरखानिया व्दारा नैतिक शिक्षा उपक्रम अंतर्गत तैयार किया गया है। सभी टीमों को महान व्यक्तियों की जयंती का कैलेण्डर, नैतिक शिक्षा से संबंधित एक पुस्तक, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# बड़ी माता मंदिर गर्भगृह के दर्शन के लिए उमड़ पड़ा आस्था का सैलाब

## अब केवल बड़ी माता की प्रतिमा रहेगी मूल स्थान पर, अन्य माता प्रतिमाएं होंगी विस्थापित

### विधि-विधानपूर्वक माता प्रतिमाओं को पृथक मण्डपों में किया जाएगा विराजित



छिंदवाड़ा । जिले के शक्ति-स्थल के रूप में विख्यात श्री बड़ी माता मंदिर का नवनिर्माण भव्यतापूर्वक किया जा रहा है। जिसकी लागत कई करोड़ों में आंकी जा रही है। विगत दिवस जीर्णोद्धार निहित प्रतिमा चालन विधि महोत्सव के द्वितीय दिवस अनेकों गतिविधियों को आयोजित किया गया। जिसमें प्रातः काल में सेवादार एवम् ट्रस्टी सदस्य श्री राम राय ने सपरिवार मातारानी का महाअभिषेक पूजन , मखाने किशमिश , कमल गट्टे , काजू से अर्चन पूजन किया। इसके पश्चात् मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष व मुख्य यजमान श्री संतोष सोनी एवं परिवार ने पुनः आज प्रायश्चित होम , शालिग्राम पूजन , गणपति पूजनकिया तथा इसके पश्चात 11 ब्राह्मणों द्वारा वरण करते हुए दुर्गा सप्तशती का 11 महापाठ किया गया। जिसके बाद ब्राह्मण भोज व दक्षिणा कार्यक्रम भी सम्पन्न किया गया। साथ ही संध्या काल में भगवती का प्रायश्चित वराह आहुति (सप्तशती होम) एवं पूजन 5 बजे से 6 बजे तक किया गया। द्वितीय दिवस में दिन भर अनुष्ठान पूजन विधि विधान पूर्वक संध्या काल तक पूजन हुए। छप्पन भोग सेवा , भक्तों की आरती थाल पूजन के साथ ही माताजी की आरती रात्रि 8 बजे बड़े धूम धाम से आयोजित की गई। जिसके पश्चात प्रसाद वितरण भी किया गया। समस्त भक्तों उत्साहित हो कर मातारानी सामूहिक दर्शन हेतु मंदिर में भक्तों ताता लगा रहा। आज तृतीय दिवस से मंदिर के विस्थापन प्रकिया के तहत पूजन कार्य चालू हो जाएगा। जिसमें बड़ी माता यथास्थान विराजित रहेंगी तथा तीन अन्य माताएं लक्ष्मी माताजी, मां सिंहवाहिनी, अष्टभुजा महारानीजी को बाल विग्रह में ले जाने हेतु विधि विधान मंत्रोच्चारण से सम्पन्न किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के आह्वान पर द्वितीय दिवस में अनेकों आस्थावान श्रद्धालुओं ने गर्भ ग्रह के दर्शन किए जिसमें सभी माताओं को एक स्थान पर प्रणाम करने का स्वर्णिम अवसर मानने वाले भक्तों का देर रात तक तांता लगा रहा।

# निगमायुक्त ने किया पीएम आवास योजना के भवनों का निरीक्षण



**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इमलीखेड़ा में बन रहे एमआईजी भवनो का निरीक्षण बुधवार को नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के द्वारा किया गया। इस दौरान आयुक्त के साथ नगर निगम के कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली एवं सहायक यंत्री विवेक चौहान उपस्थित रहे। निगम आयुक्त ने भ्रमण के दौरान आवास से संबंधित परिक्षेत्र की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त ने भवन निर्माता को निर्देश दिए कि भवनों के बाहरी कार्य एवं अन्य शेष कार्य 15 दिवस के भीतर पूर्ण कर जानकारी समक्ष में प्रस्तुत करें। इसके उपरांत निगमायुक्त ने इमलीखेड़ा में बन रही निगम की निर्माणाधीन दुकानों का निरीक्षण किया जहां उन्होंने दुकानों निर्माण को बारीकी से देखा। इन दुकानों को भी आयुक्त ने समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# विद्यालय के पास तम्बाकू बेचने पर हुई जुर्माने की कार्यवाही



**छिंदवाड़ा।** जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के आदेश पर निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिक निगम एवं पुलिस विभाग ने तम्बाकू का व्यापार करने वालों पर संजय कार्यवाही की। गई। इसके अंतर्गत कोटपा (तंबाकू नियंत्रण) अधिनियम की धारा 6 ब, जिसमें समस्त शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों के 100 गज की दूरी तक तम्बाकू उत्पादों को बेचने पर प्रतिबंध है। इसके तहत 4 दुकानदारों पर जुर्माने की कार्यवाही की है। यह कार्यवाही मटन मार्केट के पास स्थित शासकीय स्कूल के 100 गज के दायरे में की गई। इन दुकारदारों को लाइसेंस के अनुरूप सामान बेचने तथा भविष्य में तंबाकू का विक्रय नहीं करने की हिदायद दी इन दुकानदारों पर 1000 /- रुपए का जुर्माना किया गया। इस कार्यवाही में निगम राजस्व अधिकारी साजिद खान, स्वास्थ्य विभाग के तम्बाकू नियंत्रक अधिकारी डॉक्टर राहुल श्रीवास्तव, प्रभारी राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक, दुर्गेश रघुवंशी, पुलिस विभाग के ओमप्रकाश कंगाली सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चावलपानी ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

## कांग्रेस ने क्षेत्रीय कमेटियों में भी किया विस्तार

छिन्दवाड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ जी के निर्देशानसार चावलपानी ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित करने के साथ ही चावलपानी के अंतर्गत आने वाली क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों में भी विस्तार किया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी गोविंद राय, जुन्नारदेव विधायक श्री सुनील उइके व पर्यवेक्षक विनोद निरापुरे की सहमति उपरांत चावलपानी ब्लॉक कांग्रेस व क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित की गई है।

कांग्रेस के द्वारा घोषित की गई चावलपानी ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी में समन्वयक महासिंग पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष उमरावशाह उइके मनोनीत किए गए हैं। कार्य. अध्यक्ष सुरेन्द्र शाह ठाकुर व मोहित चौकसे नियुक्त किए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी कमलभान शाह उइके, बद्रीप्रसाद चौकसे व जितेन्द्रशाह उइके को सौंपी है।

उपाध्यक्ष- बिहारीलाल चौकसे, शिवराम यादव, अर्जुन कुमरे एवं परमानंद पटेल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

महामंत्री- शारदा प्रसाद डेहरिया, दर्शन साहू, संतोष धुर्वे एवं रमेश चौकसे को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। कोषाध्यक्ष देवलाल कहार, सचिव छोटेलाल भारती, रामसिंग सरयाम व दिनेश सागरे नियुक्त किए गए हैं।

**संगठन मंत्री**- जगदीश राय, अंतराम उइके, होलीलाल बानवंशी, पुरुषोत्तम उइके, श्रीमती झमिया बाई यदुवंशी, महेन्द्र पाल, बसंतशाह उइके को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है।

**प्रचार मंत्री**- चन्द्रभानशाह नर्रे, भूरेलाल नर्रे एवं लखन पाल को चावलपानी ब्लॉक कांग्रेस की घोषित कार्यकारिणी में प्रचार मंत्री मनोनीत किया है।

### क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटियों में किया विस्तार

झिरपा क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी में अध्यक्ष अर्जुन कुमरे व कार्य. अध्यक्ष पद पर देवेन्द्र ठाकुर मनोनीत किए गए हैं। उपाध्यक्ष पद पर विश्वनाथ शुक्ला व अनील राय नियुक्त किए गए। महामंत्री पद की जिम्मेदारी अंतराम सल्लाम व चंद्रभान उइके को सौंपी है। संगठन मंत्री पद पर मोतीलाल साहू व लक्ष्मण भलावी मनोनीत






मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आईपीएस मीट का शुभारंभ कर संबोधित किया।































